जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर, शनिवार 22 फरवरी, 2025

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

राजस्थान बजट
हर घर खुशहाली 2025-26

# विकसित राजस्थान की ओर बढ़ते कदम

## पेयजल

- ग्रामीण क्षेत्रों में 20 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन
- शहरी क्षेत्र में पेयजल के हेतु अमृत 2.0 योजना में 5 हजार 123 करोड़ रुपये के कार्य
- मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) में 5 हजार 830 करोड़ रुपये के कार्य
- 1000 ट्यूबवेल व 1500 हैंडपंप

## राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित PKC-ERCP)

- 9 हजार 416 करोड़ रुपये के कायदिश जारी
- 12 हजार 64 करोड़ रुपये की निविदाएँ जारी
- 12 हजार 807 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी
- आगामी वर्ष में लगभग 9 हजार करोड़ रुपये के नवीन कार्यों की शुरुआत
- Rajasthan Water Grid Corporation में लगभग 4 हजार करोड़ रुपये के कार्य

## ऊर्जा

- मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभान्वितों के घरों पर निःशुल्क सोलर प्लांट्स लगाकर 150 यूनिट्स बिजली प्रतिमाह निःशुल्क
- 6 हजार 400 मेगावाट से अधिक अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य
- 5 हजार 700 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन के नए कार्यों की शुरुआत

## सड़क

- 6 हज़ार करोड़ रुपये की लागत से 21 हज़ार किमी. नॉन-पेचेबल सडकों में सुधार
- 5 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनेंगे हाईवे, बाईपास, ब्रिज एवं एलिवेटेड रोड़
- PMGSY के अंतर्गत 1600 बसावटों को जोड़ा जाएगा
- 5 हजार से अधिक आबादी वाले 250 ग्रामीण कस्बों में अटल प्रगति पथ
- सड़क सुरक्षा के लिए हाइवे पर जीरो एक्सीडेंट जोन व 50 ब्लैक स्पॉट का सुधार कार्य
- 15 शहरों में रिंग-रोड के निर्माण हेतु डीपीआर बनेगी
- हाईवे पर 20 ट्रौमा सेंटर्स के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान, साथ ही 25 Advanced Life Support Ambulances भी उपलब्ध होंगी

## लाखों युवाओं को सौगात

- आगामी वर्ष में 1.25 लाख सरकारी पदों पर भर्ती
- निजी क्षेत्र में एक लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार
- 500 करोड़ रुपये का विवेकानन्द रोजगार सहायता कोष
- 'विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना' में 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत ब्याज अनुदान

## ग्रामीण विकास

- मनरेगा के अन्तर्गत 3 हजार 400 लाख मानव दिवसों का सृजन
- स्वामित्व योजना में 2 लाख परिवारों को नए पट्टे
- दादूदयाल घुमन्तू सशक्तिकरण योजना में 25 हजार परिवारों को पट्टे
- पंचगौरव योजना को गति देना, 550 करोड़ रुपये का प्रावधान
- एससी/एसटी कल्याण के लिए एससीएसपी एवं टीएसपी फण्ड की राशि बढ़ाकर 1750 करोड़ रुपये

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

- 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से तथा 50 हजार को ए.सी. ट्रेन से तीर्थ यात्रा

## सामाजिक सुरक्षा

- विभिन्न वर्गों के पात्र को देय पेंशन बढ़ाकर एक हजार 250 रुपये प्रतिमाह
- विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के लिए 'दादूदयाल घुमन्तू सशक्तिकरण योजना'
- बालिकाओं को शिक्षा में प्रोत्साहन के लिए 35 हजार स्कूटी वितरण का लक्ष्य
- खाद्य सुरक्षा हेतु 10 लाख नवीन Units NFSA लाभान्वित के रूप में जोड़ना
- 5 हजार उचित मूल्यों की दुकानों पर अन्नपूर्णा भण्डार

## महिला

- 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाये जाने का लक्ष्य
- 3 लाख लखपति दीदियों को आगामी वर्ष में 1.5 प्रतिशत ब्याज दर पर 1 लाख रुपये तक का ऋण
- मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना-आंगनबाड़ी पर सप्ताह में 5 दिवस दूध
- गर्भवती महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना की शुरुआत

## नगरीय विकास

- शहरी क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के तहत लगभग 12 हजार 50 करोड़ रुपये के कार्य
- 500 Pink Toilets का निर्माण
- समस्त शहरों में 50 हजार स्ट्रीट लाइट्स
- सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र से अम्बाबाड़ी एवं विद्याधरनगर (टोडी मोड़ तक) जयपुर मेट्रो का कार्य
- शहरी क्षेत्रों में 500 नई बसें उपलब्ध
- 100 अत्याधुनिक Robotic-Three-One सीवरेज सफाई मशीनें

## सुशासन

- प्रथम चरण में 3 हजार से अधिक जनसंख्या वाले पंचायत मुख्यालयों में अटल ज्ञान केन्द्र
- Ambedkar Institute of Constitutional Studies and Research की स्थापना
- 8 नए जिलों में विभिन्न विभागीय कार्यालयों की स्थापना के लिए एक हजार करोड़ रुपये

## हरित बजट

- राज्य का प्रथम हरित बजट (Green Budget)
- Circular Economy के व्यापक प्रसार के लिए Rajasthan Circular Economy Incentive Scheme-2025
- मिशन हरियाळो राजस्थान के अन्तर्गत 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य
- लघु एवं सीमान्त कृषकों को बैलों से खेती पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष
- 250 करोड़ रुपये राशि की 'हरित अरावली विकास परियोजना'
- स्वयं सहायता समूह की 25 हजार महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षण
- एक लाख लाभार्थियों को निःशुल्क Induction Cook Top-Cooking System वितरण का लक्ष्य

## औद्योगिक विकास

- निवेश सुविधा के लिए 'सिंगल विंडो – वन स्टॉप शॉप'
- Service Sector में निवेश हेतु Global Capability Centre (GCC) Policy
- Trading Sector के विकास एवं संवर्द्धन हेतु Rajasthan Trade Promotion Policy
- DMIC (Delhi Mumbai Industrial Corridor) से लिंक कर 2 Logistics Parks

## कृषि बजट

- आगामी वर्ष में 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरण का लक्ष्य
- किसान सम्मान निधि की राशि अब 9 हजार रुपये प्रतिवर्ष
- राजस्थान कृषि विकास योजना में 1 हजार 350 करोड़ रुपये
- गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल बोनस राशि बढ़ाकर 150 रुपये
- Micro Irrigation के लिए एक लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में प्रावधान
- आगामी वर्ष में 3 लाख 50 हजार हेक्टेयर में Drip एवं Sprinkler Irrigation System के लिए अनुदान
- 25 हजार Farm Ponds, 10 हजार डिग्गियों, 50 हजार सौर पम्प संयंत्रों तथा 20 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन के लिए 900 करोड़ रुपये का अनुदान
- आगामी वर्ष 1 लाख हैक्टेयर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिड़काव पर प्रति हैक्टेयर 2 हजार 500 का अनुदान

## पशुपालन एवं डेयरी

- 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' में श्रेणीवार बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी
- एक हजार नवीन सहकारी समितियों/दुग्ध संग्रह केन्द्रों की स्थापना
- मिल्क उत्पाद, डेयरी प्लांट की प्रोसेसिंग एवं पशु आहार संयंत्रों के क्षमता वर्धन हेतु 540 करोड़ रुपये
- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में 2.50 लाख लाभार्थियों की बढ़ोतरी
- गोशालाओं तथा नंदीशालाओं हेतु प्रति पशु देय अनुदान को बढ़ाकर 50 रुपये प्रतिदिन

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

- समस्त जिला चिकित्सालयों में Diabetic Clinics
- गंभीर/असाध्य रोगों के उपचार के लिए Day Care Centres भी समस्त जिला चिकित्सालयों में प्रारम्भ
- प्रदेश को TB मुक्त बनाना, प्रत्येक CHC पर Digital X-ray Machine, TRU-NAAT (ट्रू-नॉट) व CB-NAAT (CB-नॉट) Machine की उपलब्धता
- 'Fit Rajasthan' अभियान, 50 करोड़ रुपये के प्रावधान
- नवीन आयुष नीति, गांवों को आयुष्मान आदर्श ग्राम घोषित कर 11 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि
- निःशुल्क जाँच एवं दवा हेतु 3 हजार 500 करोड़ रुपये का 'MAA कोष' का गठन
- MAA नेत्र वाउचर योजना की शुरूआत
- 70 वर्ष आयु से अधिक के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार घर पर ही निःशुल्क दवा

## कार्मिक कल्याण

- समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि
- NFSA राशन वितरण का कार्य संभाल रहे Dealers के कमीशन में भी 10 प्रतिशत वृद्धि
- न्यायिक सेवा के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता
- पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में भी आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

जिसमे आत्मविश्वास नहीं, उसमे अन्य चीजों के प्रति विश्वास कैसे उत्पन्न हो सकता है। –विवेकानंद

# महाकुंभ: भक्तों की अपार भीड़ कौशल और विवेक मांग रही है

यह इन्द्र लोक की महामाया नगरी सरीखी है प्रयागराज की संगम स्थली, यहां साधु हैं सन्त हैं। त्यागी तपस्वी हैं मानवता के पुजारी हैं तो पाखण्डी और लुटेरों की भी भरमार हैं। यहां हर हिस्से में अद्भुत कहानियों की भरमार है, आंखें फटी रह जाएं ऐसे चमत्कार हैं तो चमत्कारों के नाम पर हाथों की सफाई वाले फरेबी भी खूब हैं। यह नगरिया सूर्योदय से पहले अमृत कलश भरती है और चन्द्रास्त से पहले ही रश्मी रथों पर आरूढ़ होकर महादेव भक्तों की मनोकामनाएं पूरा करने गंगा को जटाओं से मुक्त कर महादेवी यमुना और ब्रह्मा पुत्री सरस्वती से मिलने को मुक्त कर लुप्त हो जाते हैं। इसी लिए यहां लहरा रहा है अपार जनसागर। इस महाकुम्भ में अकल्पनीय भीड़ के आंकड़ो ने सभी पूर्वानुमानों को ध्वस्त कर दिया है। अब तक यह आंकड़ा पचपन करोड़ के पार पहुंच गया है और मेला समाप्त होते–होते यह आंकड़ा साठ करोड़ को छू जाएगा। महाकुम्भ हमारी सनातन संस्कृति की अटूट पहचान है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं इस कुम्भ से उत्तर प्रदेश को तीन लाख करोड़ रूपए की आय हुई है बहुत अच्छी बात है। राष्ट्रपति जी से लेकर प्रधानमंत्री जी और पक्ष–विपक्ष के सारे नेता डुबकी लगा आए हैं जो बचे हैं वे अब लगाने को आतुर हैं।

लेकिन अगर किसी धार्मिक आयोजन में भीड़ की अटूट आमद ही उपलब्धि है तो निश्चय ही पीठ थपथपाइए। कहते हैं जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। महाकुंभ पर यह कथन सौ फीसदी लागू होता है। राजनेताओं को यहां पकी लहलहाती हुई राजनैतिक फसल दिखाई दे रही है तभी तो अखिलेश यादव मेले को दस दिन और बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

लेकिन यदि समग्र प्रबंधन को लेकर यात्रियों में तल्खी है, मौतों और दुर्घटनाओं पर लगाम नही है,भारी भरकम जाम से निजात नही है तो आपको अपने आपको शाबाशी देने से पहले सोचना पड़ेगा। अगर उत्तर प्रदेश को यात्रियों के आने से तीन लाख करोड़ की आय हुई है तो फिर यह आंकड़ा भी देखिए कि औसतन पांच घंटे से पैंतीस घण्टों के जाम में फंसे लाखों वाहनों से लगभग एक लाख करोड़ का डीजल–पैट्रोल का धूंआ उड़ गया। पर्यावरण प्रदूषण इसका अगला बाई प्रोडक्ट है जिसका कोई अध्ययन नही हुआ है अभी तक। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी पत्नी संग संगम में डुबकी लगाकर पोस्ट करते हुए लिखा हवाई यात्रा करते हुए मैं ने सड़कों पर वाहनों की सैकड़ों किलोमीटर लम्बी लाइन देखी है, लेकिन यही गडकरी जी की अनुपलब्धि भी जाहिर करती है, आपने समय रहते सड़कों का व्यापक जाल नही बिछाया है। कुम्भ के लिए आमन्त्रित पर जितना जोर–शोर प्रचार किया गया ,धन खर्च हुआ उससे हजार, लाख गुना प्रबंधन पर होता तो वाकई चार चांद लग जाते। अब आइए योगी जी के बयान पर, कुम्भ में किसी के लिए कोई वीआईपी व्यवस्था नही होगी जो पूरी तरह सफ़ेद झूठ साबित हुआ। पूरा पुलिस प्रशासन दिन–रात विशिष्ट मेहमानों की खिदमत में तैनात रहा। आम भक्त पंद्रह से बीस किलोमीटर का पैदल चलने को मजबूर हैं। जिनमें बूढ़े, बच्चे और बीमार लोग और स्त्रियां भी शामिल हैं। ई–रिक्शा, मोटरसाइकिल और नाव वालों ने भक्तों की जेब पर तो डाका ही डाल रखा है अकल्पनीय रूप से मनमाने पैसे वसूल किए जा रहे हैं। जितने में एक सवारी जयपुर आने–जाने के पैसे दे रहे हैं उससे दो–तीन गुना पैसा नाव, ई–रिक्शा और मोटरसाइकिल वाले वसूल रहे हैं। उधर महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में अपशिष्ट जल का उच्च स्तर के विषय में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट के माध्यम से कल ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया गया कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान विभिन्न स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है, नदी के पानी की गुणवत्ता विभिन्न अवसरों पर सभी निगरानी स्थानों पर अपशिष्ट जल 'फेकल कोलीफॉर्म' के संबंध में स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में लोग नदी में स्नान करते हैं, जिसमें अपशिष्ट जल की सांद्रता में वृद्धि खूब वृद्धि हुई है।

**मेला क्षेत्र में वीआईपी जोन पूरी तरह एक तरफ हो जिससे आम जन को परेशानी नहीं उठानी पड़े। मेला क्षेत्र में किसी भी कीमत पर दो किलोमीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े। हर हाल में सड़क से लेकर मेला क्षेत्र में केवल वन वे ही होने चाहिए। यात्रियों के लिए पार्किंग स्थल से लेकर मेला क्षेत्र तक आने-जाने के वाहन सरकार की और से निःशुल्क होने चाहिए। कुम्भ में करोड़ों लोग डुबकी लगा रहे हैं यहां हर प्रकार से समग्र वैज्ञानिक और तकनीकी व्यवस्था करके नदियों के जल को सम्पूर्ण स्वच्छ रखना अनिवार्य हो। जगह-जगह भरपूर चिकित्सा केंद्र स्थापित हो। लाखों टन कचरा एकत्रित हो रहा है उसका वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हो।**

लाखों टन कचरे के पहाड़ पचास–साठ किलोमीटर जाते ही दिख जाएंगे। जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है वहां के वाशिंदों की हालत ही मत पूछिए। ये लाइन्स लव वाला किस्सा है। आस्था विश्वास और श्रद्धा के सम्पुट से पगलाई भीड़ भी यहां के वासिन्दों के ख्यालों से मेल खा रही है सो बेचारे डेढ़ महिने में घरों में सिमटकर रह गए हैं। एक मोहल्ले से निकट के दूसरे मोहल्ले पंहुचने के लिए दस किलोमीटर का फेरा लगाना पड़ रहा है जरुरी दवा और सामान को तरस गए हैं। काशी, प्रयाग, अयोध्या और चित्रकूट सहित निकटवर्ती शहरों के हाल खराब हैं। प्रशासन के हाथ–पांव पल–पल फूल रहे हैं। मानवता को धता बताते पुलिसकर्मियों को बिना ब्रेक के अड़तालीस से बहत्तर घन्टें की ड्यूटी देनी पड़ रही है। कुम्भ से लौटे यात्री गण फीकी मुस्कान के साथ खट्टे अनुभवों को गटक कर तीस–पैंतीस घण्टों तक बस में कमर सीधी करके बैठकर लौटने के बाद भी फरमा रहे हैं कुछ भी कहो मजा आ गया, ये है आस्था!

चलिए ये सब बातें किसी न किसी रूप में सब को पता है लेकिन आगे के क्या सबक हैं ये समझना ज़रूरी है। प्रबंध कौशल का पहला सबक कुम्भ आने वाले यात्रियों का अनिवार्य रूप से आन लाइन रजिस्ट्रेशन कीजिए जैसे अमरनाथ यात्रा में होता है, व्यक्ति स्वयं करें, ई मित्र केन्द्र पर हो और लास्ट में मेले मार्ग पर अनिवार्य हो। बिना रजिस्ट्रेशन के सख्ती से हो ना एंट्री। यात्रियों को पंहुच का समय और तिथि अपनी प्रबंधन क्षमता के अनुसार पहले से बात कर रखिए। हर कदम पर आने वालों के रजिस्ट्रेशन को चैक किया जाए ताकि आरम्भ से ही भीड़ पर नियंत्रण रहे। घाटों की क्षमतानुसार ही एंट्री मिले। सेना और अर्धसेना की सेवाएं लीजिए। एआई तकनीक से लैस अत्यधिक रोबोट लगाए जाएं। कुम्भ स्थल के दो तीन सौ किलोमीटर तक सड़क के दोनों और यात्री ठहराव के केन्द्र बनें यहीं पर यात्रियों की कलाई पर तकनीक से लैस टेग लगें जो जाते ही समय खोले जाएं। जगह–जगह दानदाताओं के सहयोग से भोजन भण्डारे और लंगर लगें, पेड़ फूड जोन अलग से बनें। मेला क्षेत्र में वीआईपी जोन पूरी तरह एक तरफ हो जिससे आम जन को परेशानी नहीं उठानी पड़े। मेला क्षेत्र में किसी भी कीमत पर दो किलोमीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े। हर हाल में सड़क से लेकर मेला क्षेत्र में केवल वन वे ही होने चाहिए। यात्रियों के लिए पार्किंग स्थल से लेकर मेला क्षेत्र तक आने–जाने के वाहन सरकार की और से निःशुल्क होने चाहिए। कुम्भ में करोड़ों लोग डुबकी लगा रहे हैं यहां हर प्रकार से समग्र वैज्ञानिक और तकनीकी व्यवस्था करके नदियों के जल को सम्पूर्ण स्वच्छ रखना अनिवार्य हो। जगह–जगह भरपूर चिकित्सा केंद्र स्थापित हो। लाखों टन कचरा एकत्रित हो रहा है उसका वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हो। मेले में आ रही भीड़ को ग्लैमेराइज करने की जगह प्रबंध कौशल पर फोकस कीजिए। ओर ये रेल्वे वाले क्या भांग पीकर सो गए हैं ट्रेन की क्षमता से पांच गुना तक टिकिट काट कर वाहवाही लूट रहे हैं। रेल्वे पुलिस महज लाइन लगवाकर केवल उतने यात्री ट्रेनों में क्यों नहीं बिठा रही जितनी सीट है। बिहार से ट्रेनों में सवार होने वाले लोग डण्डें, बांस, पत्थर और हथोड़ों से दरवाजे खिड़कियां तोड़ कर जबरन घुस रहे हैं। हद है अराजकता की, रिजर्वेशन लेकर बैठे यात्री पिट रहे हैं उनका सामान फैंक कर धकेला जा रहा है। स्टेशन पर भगदड़ मच कर लोग चिंथ कर मर रहे हैं रेल मंत्रालय मौन है। यह महाकुम्भ पचास या साठ करोड़ लोगों के आगमन का मुदित मन से तथाकथित तकनीकी गणना से दावा कर रहा है जो स्वयं परीक्षित होनी शेष है। आनन्द महेन्द्रा ने घोषणा की है वे अपने विश्वविद्यालय में भीड़ प्रबंधन और तकनीकी कौशल पर काम करेंगें। यह स्वागत योग्य है हमारे आइआइटी और आइआइएम संस्थानों को भी सरकार ऐसे ही टास्क दे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

# 'आजादी के 77 वर्ष बाद भी राजस्थानी भाषा को नहीं मिली संवैधानिक मान्यता'

## जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में विश्व मायड़ भाषा दिवस पर समारोह आयोजित



विश्व मायड़ भाषा दिवस पर आयोजित समारोह में अतिथियों का सम्मान किया गया।

■ राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए चलकोई फाउण्डेशन द्वारा 40 विद्यार्थियों एवं शोध कार्य करने वाले 6 शोधार्थियों को ऑनलाइन स्कॉलरशिप प्रदान की

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थानी भाषा विश्व की एक समृद्ध भाषा है। इसकी साहित्यिकी परम्परा, संस्कृति एवं इतिहास अनुठा है। हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं, मगर अपनी मातृभाषा राजस्थानी का अपमान कभी भी सहन नहीं करेंगे। राजस्थानी और गुजराती एक ही मां की दो बेटियां है। देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी मातृभाषा गुजराती पर जितना गर्व है हमे भी अपनी मातृभाषा राजस्थानी पर उतना ही गर्व है। मगर दुर्भाग्य की बात यह है कि देश की आजादी के 77 वर्ष बाद भी राजस्थानी भाषा संवैधानिक मान्यता के लिए तरस रही है। यह विचार चलकोई फाउंडेशन के संस्थापक एवं राजस्थानी भाषा आंदोलन के अग्रणी राजवीरसिंह चलकोई ने जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभाग एवं महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, मेहरानगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मायड़ भाषा दिवस पर आयोजित समारोह में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की राज्य सरकार राजस्थानी को राजभाषा एवं केन्द्र सरकार शीघ्र संवैधानिक मान्यता प्रदान करें। महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र मेहरानगढ़ के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर एवं समारोह संयोजक डॉ. मीनाक्षी बोराणा ने बताया कि समारोह अध्यक्ष कला संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) मंगलाराम बिश्नोई ने कहा कि मनुष्य की सम्प्रेषण का मुख्य आधार मातृभाषा ही है अत: प्रदेश में प्राथमिक एवं उच्च शिक्षण का माध्यम हमारी मातृभाषा राजस्थानी में ही होना चाहिए। क्योंकि मातृभाषा में मानव के जीवन मूल्यों की झनकार सुनाई देती है।

विशिष्ट अतिथि विधि संकाय अधिष्ठाता एवं सिण्डीकेट सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) सुनील आसोपा कहा कि विधि एक कला है मगर समाज के दबाव से कानून बनता है, इसलिए सरकार पर दबाव बनेगा तो ही वह इस कानूनी रूप से संवैधानिक मान्यता प्रदान करेगी। इसलिए हमें सम्मिलित रूप से इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र पुरोहित ने कहा कि राजस्थानी भाषा प्रदेश की एक मानक भाषा है, जिसका विशाल शब्दकोश, व्याकरण एवं समृद्ध साहित्य भण्डार है।

महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र मेहरानगढ़ के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा हमारे इतिहास एवं संस्कृति का पर्याय है।

हालांकि युनेस्को ने तो सन् 1999 में मातृभाषा दिवस की घोषणा की मगर राजस्थानी ज्ञान परम्परा में बसंत पंचमी को मातृभाषा के रूप में ही मनाया जाता रहा है। उन्होंने राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता की पुरजोर मांग करते हुए इस संबंध में राजनैतिक उदासीनता को खुलकर उजागर किया। कार्यक्रम में आरम्भ में मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया है। समारोह संयोजक डॉ. मीनाक्षी बोराणा द्वारा स्वागत दिया गया। संचालन राजस्थानी विद्यार्थी श्रवण राम भादू ने किया।

इस अवसर पर राजस्थानी भाषा को बढावा देने के लिए चलकोई फाउण्डेशन द्वारा इस वर्ष 2025 राजस्थानी विषय में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के 40 विद्यार्थियों एवं शोध कार्य करने वाले 6 शोधार्थियों को ऑनलाइन स्कॉलरशिप प्रदान की गई। समारोह में राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित, प्रतिष्ठित रचनाकार भंवर लाल सुथार तरनिजा मोहन राठौड़, इन्द्रजीत शर्मा, विरेन्द्रसिंह राठौड़, महेश व्यास, माधुसिंह, जितेन्द्र साठिका, अभि पंडित, डॉ. रणजीतसिंह चौहान, डॉ. भीवसिंह, जगदीश, विष्णुशंकर सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, राजस्थानी शोधार्थी, विद्यार्थी एवं मायड़ भाषा प्रेमी मौजूद रहे।

# देर रात्रि में ऊंची आवाज में बजने वाले डीजे से लोग परेशान

■ शिकायतों की बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई, डीजे बजाने वाले लोगों को पाबंद करने की मांग

**सादुलपुर, (निसं)।** शादी तथा अन्य प्रकार के संपन्न होने वाले कार्यों के लिए बने भवनों में बिना किसी रोक–टोक के ऊंची आवाज में डीजे बजाने तथा जनरेटर का प्रदूषण युक्त वातावरण से भवनों के आसपास रहने वाले घरों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में रवि कुमार वार्ड नंबर 8 सादुलपुर निवासी ने एसडीएम को लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बताया कि पिछले॰6 माह से नींद पूरी नहीं होने के कारण बीमार रहने लगा है तथा उसका इलाज हिसार में चल रहा है। हाल यह है कि उसे नींद की गोलियां लेनी पड़ रही है। शिकायत में चेतावनी दी है कि अगर कोई अनहोनी की घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन भवन के कार्यकारिणी सदस्य होंगे।

शिकायत बताया कि उसके मकान के पास आबाद बस्ती में एक भवन बना हुआ है, जिसमें विवाह शादी तथा अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की आयोजन होते हैं। शिकायत में बताया कि भवन को किराए पर बुक करते समय नियमों की पालना के अनुसार कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। भवन में होने वाले कार्यक्रम रात के करीब 2–3 बजे तक तेज ध्वनि में डीजे बजाना, लगातार आतिशबाजी करना जैसे काम होते हैं, जिसके कारण मोहल्ले में बसने वाले व्यक्तियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा रात भर मोहल्ले के लोगों को नींद नहीं आने के कारण गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की संभावना बन रही है तथा लगभग कार्यकारिणी सदस्यों सहित प्रशासन पुलिस प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तथा आए दिन हर तीसरे चौथे दिन भवनों में यह कार्य होता रहता है।

इसके अलावा शहर के अनेक लोगों ने बताया कि गली मोहल्ले में डीजे बजाना एक चलन सा हो गया है, जन्मोत्सव या फिर किसी बच्चे का जन्म होना या अन्य कार्यक्रमों के लिए लोग किराए पर डीजे को लेकर रात भर तेज आवाज में नियमों की अनदेखी कर डीजे बजाते हैं। जिसके कारण बडे बुजुर्गों सहित छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

इस संबंध में शहर के अनेक लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर नियमों का उल्लंघन कर किराए पर डीजे लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है तथा डीजे मालिकों को किराए पर ले जाने वालों से कम आवाज में डीजे बजाना रात्रि के एक बजे बाद डीजे को बंद करना जैसी शर्तों के लिए पाबंद करने की भी मांग की है।

# भारत और मिश्र के बीच महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 14 दिन का युद्धाभ्यास जारी

■ युद्धाभ्यास में भारत-मिश्र के जवानों ने घर में घुसकर आतंकवादी को मारा, ड्रोन से दुश्मन के ठिकानों की निगरानी की

**बीकानेर, (निसं)।** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना के साथ मिश्र की सेना युद्धाभ्यास कर रही है। दोनों सेना मिलकर शहरी क्षेत्रों में आतंकियों से निपटने के लिए बनने वाली योजना पर काम कर रही है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में और सेना के हेलिकॉप्टर एक जगह खड़े नजर आए। हेलिकॉप्टर से एक–एक जवान उतरा और मकान पर धवा बोल दिया। जवानों को शक था कि मकान में कोई आतंकी छुपा हुआ है। जवान घर के अंदर घुसते हैं और गोलियों से दुश्मन को मौत के घाट उतार देते हैं। हेलीबोर्न ऑपरेशन से पहले ड्रोन से दुश्मनों की निगरानी की। हालांकि ये हकीकत में नहीं था। ये पूरा घटनाक्रम काल्पनिक था।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया कि भारत और मिश्र के बीच 14 दिन का युद्धाभ्यास चल रहा है, जो 23 फरवरी तक अनवरत चलेगा। इसके तहत अगले 48 घंटे तक लगातार अभ्यास होगा। इस दौरान सेना के जवान अपनी सेना की उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और युद्ध में तत्परता का प्रदर्शन करेंगे। 48 घंटे का वेलीडेशन फेज शुक्रवार को शुरू हो गया, जो रविवार सुबह तक चलेगा। किसी युद्ध और ऑपरेशन के अंतिम चरण में किस तरह से काम किया जाता है ये इसी 48 घंटे में जवानों को सिखाया जाएगा। इस दौरान आला अधिकारी तकनीक रूप से क्षेत्र का अवलोकन करने के बाद सैन्य टुकड़ियों को निर्देश दे रहे हैं कि किस तरह से दुश्मन को घेरना है और कब हमला बोलना है। कम से कम नुकसान में ज्यादा से ज्यादा दुश्मन को निपटाने की योजना बनाने से पहले ड्रोन को भेजा जा रहा है। ड्रोन जहां पहुंच रहा है, उसे सेना के आला अधिकारी देख रहे हैं। इसी मौका मुआयना के बाद दुश्मन पर आक्रमण किया जा रहा है। इस दौरान दोनों देशों की सेना के आला अधिकारी भी पहुंच रहे हैं। सेना के जवानों के साथ संवाद किया जा रहा है।

इस फेज के दौरान दोनों देशों के अलग–अलग दल बनाए जाएंगे। ये दोनों दल एंटी टेररिस्ट अभियान चलाएंगे। इस दौरान दोनों दल अपनी क्षमता से ज्यादा बेहतर काम करते हुए दुश्मन के ठिकानों पर हमला करेंगे। इस दौरान मॉडर्न हथियारों के साथ ही मॉडर्न तकनीक का भी उपयोग होगा। पिछले दिनों में युद्धाभ्यास में जो कुछ भी सीखा है, उसे काल्पनिक खतरों से निपटने में उपयोग किया जाएगा। अभ्यास में दोनों देशों की सेनाएं कठिन युद्ध प्रशिक्षण और सामरिक अभ्यास कर रही है। जिसका उद्देश्य जाइंट ऑपरेशन क्षमताओं को मजबूत करना है। इस अभ्यास का प्रमुख लक्ष्य पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाना है।

इस दौरान क्वार्टर बैटल ड्रिल, सर्वाइकल तकनीक, कॉम्बेट मेडिकल स्किल्स और डिमॉलिश ट्रेनिंग का जॉइंट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मरुस्थल के तेज तापमान, पैदल चलने में कठिनाई सहित अनेक विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ये युद्धाभ्यास हो रहा है। भारत और मिश्र दोनों ही देशों की विपरीत परिस्थितियों को ध्यान रखा जा रहा है।

# अजमेर के दरगाह क्षेत्र में आवारा श्वानों का आतंक

**अजमेर, (कासं)।** दरगाह क्षेत्र के अंदरकोट, झरनेश्वर महादेव मंदिर मार्ग सहित परिधि क्षेत्र में घूम रहे एक पागल कुत्ते ने एक युवक को घायल कर दिया तो कई लोगों को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला व निगम प्रशासन से मांग की है कि आवारा व पागल कुत्ते को पकड़कर राहत दी जाए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार अल सुबह से ही एक पागल कुत्ता अंदरकोट झरनेश्वर रोड, बड़वा सहित आसपास के क्षेत्रों में इधर–उधर भाग रहा है और राहगीरों पर हमला कर रहा है। कई लोगों को इस काट भी लिया, जिन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन को सूचना देने के बावजूद कुत्ते को नहीं पकड़ा गया है।



घायल हुआ युवक

क्षेत्रवासियों का कहना है कि आगामी शिवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में अगर श्वान को पकड़ा नहीं गया, तो किसी भी समय भगदड़ मच सकती है। बड़वा स्थित झारनेश्वर रोड और उसके आसपास के इलाकों में आवारा श्वानों की संख्या काफी बढ़ चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम ने टोल्फा को श्वानों को पकड़ने का ठेका दिया हुआ है, लेकिन संस्था को सूचना देने के बाद भी इन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है।

**पूर्व में बनाया बच्चों को निशाना :–**क्षेत्रवासियों ने बताया कि बताया कि कुछ माह पूर्व ही आवारा कुत्तों ने कई बच्चों को निशाना बनाया है। निगम कर्मचारी साल में एक बार श्वानों को पकड़ने के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें दरगाह वैकल्पिक मार्ग पर छोड़ दिया जाता है। इस लापरवाही के कारण इलाके में श्वानों की समस्या बढ़ती जा रही है, जिससे खासतौर पर महिलाएं और बच्चे घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 22 फरवरी, 2025**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र सायं 5:40 तक, हर्षण योग दिन 11:56 तक, गर करण दिन 1:20 तक, चन्द्रमा आज सायं 5:40 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मिथुन, बुध–कुम्भ, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में। आज भद्रा रात्रि 1:38 से आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 8:26 से 9:51 तक, चर 12:40 से 2:05 तक, लाभ–अमृत 2:05 से 4:55 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:01, सूर्यास्त 6:19

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ बनी रहेगी। आपसी मतभेद बढ़ने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं रहेगा।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा। आज परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। आज खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आज मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**मकर**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर
Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 111 प्रभात उदयपुर, शनिवार 22 फरवरी, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# एस.आई. भर्ती पर दो माह में निर्णय ले सरकार, फील्ड पोस्टिंग पर रोक जारी रहेगी

## हाई कोर्ट ने अतिरिक्त महाधिवक्ता से यह भी कहा कि 2 मई को राज्य सरकार के निर्णय की जानकारी दें

- यादवेन्द्र शर्मा -

जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राज्य सरकार को दो माह में निर्णय लेने को कहा है। अदालत ने अतिरिक्त महाधिवक्ता को कहा कि वे 2 मई को राज्य सरकार के निर्णय से अदालत को अवगत कराए। अदालत ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार किसी भी तरह का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगी, लेकिन मामले में दिए गए यथा-स्थिति के आदेश जारी रहेंगे और किसी को भी फील्ड पोस्टिंग नहीं दी जाएगी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **मामले के जानकार वकीलों का कहना है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णयों में कहा गया है कि अगर पेपर लीक के कारण अवांछित लाभ पाने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य अभ्यर्थियों से पृथक किया जा सकता है, तो अपराधी को पकड़ा जाए, पर, उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नहीं हटाया जाए।**
- **कई अदालतों के ऐसे भी फैसले हैं, जिनमें कहा गया है कि पेपर लीक का अगर व्यापक प्रभाव नहीं हुआ है तो परीक्षा को रद्द न किया जाए।**
- **अदालत के आदेशानुसार, अगले दो माह तक भी एस.आई. भर्ती पेपर लीक मामले में जाँच जारी रहेगी। अगर प्रकरण में लिप्त अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ती है तो परीक्षा रद्द करने के तर्क को मजबूती मिलती है।**

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि भर्ती को लेकर चार माह में निर्णय ले लिया जाएगा। ऐसे में अदालत मामले में दिए यथास्थिति के आदेश को हटाए, ताकि दोषी ट्रेनी अफसरों को बर्खास्त करने सहित अन्य कार्रवाई की जा सके। इस पर अदालत ने कहा कि यथास्थिति का आदेश जारी रहेगा, लेकिन सरकार मामले में कोई भी निर्णय लेने को स्वतंत्र रहेगी। दूसरी ओर याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने कहा कि भर्ती में पेपर लीक को लेकर राज्य सरकार के पास पर्याप्त रिकॉर्ड है और वह एक सप्ताह में इस पर निर्णय ले सकती है। वहीं सफल अभ्यर्थियों की ओर से कहा कहा गया कि पेपर लीक केस में हमारी संलिप्तता नहीं मिली है। हम में से कुछ अभ्यर्थी तो दूसरी सरकारी नौकरी छोडकर आए हैं। ऐसे में यदि भर्ती रद्द हुई तो हमारे साथ अन्याय होगा। सफल चयनित अभ्यर्थियों की ओर से पैरवी कर रहे वकीलों का कहना था कि उनके मोव्वकिल आर.ए.एस. व सहयोगी सेवाओं की परीक्षा में भी उत्तीर्ण हुए थे, परन्तु एस.आई. भर्ती परीक्षा में उत्तीण होने के बाद उन्होंने वहां पदभार नहीं संभाला। इन एस.आई. भर्ती में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों का यह भी कहना है कि उनका नाम पूर्व में किसी भी विवाद या गैरकानूनी गतिविधी से नहीं जोड़ा गया है।

इस मामले को जानने वाले वकीलों का कहना है इलाहाबाद हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय है जिनमें कहा गया है कि 'पेपर लीक' से जुड़े ऐसे मामले जहां 'पेपर लीक' के कारण अवांछित लाभ पाने वाले अभ्यर्थियों को सच्चे व आम अभ्यर्थियों से पूरी तरफ पृथक किया जा सकता है, वहां मुजरिमों को पकड़ा जाए, परन्तु अन्य उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों को हटाया नहीं जाए।

कई अदालतों के ऐसे भी फैसले है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक पद सुरक्षित रख फार्मासिस्ट की चयन सूचि जारी करें

जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती-2023 की चयन सूची जारी करने पर लगी अपनी रोक को हटा लिया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता के लिए पद सुरक्षित रखने को कहा है, जो अदालत के अंतरिम आदेश पर निर्भर करेंगे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश दीपू श्री की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अदालत ने 11 दिसंबर, 2023 को भर्ती की अंतिम चयन सूची जारी करने पर रोक लगा दी थी। इसके चलते पूरी भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हो गई है। ऐसे में इससे रोक हटाई जाए। इस पर अदालत ने चयन सूची जारी करने पर लगी रोक को हटाते हुए याचिकाकर्ता के लिए पद रिक्त रखने को कहा है।

- **हाईकोर्ट ने पूर्व में लगाया स्टे हटाकर राज्य सरकार को निर्देश दिया।**

याचिकाकर्ता के वकील सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को कहा कि राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियम 1965 को 23 मई 2022 में संशोधित किया गया था, जिसके अनुसार फार्मेसी पद पर नियुक्ति के लिये नियुक्ति बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा संचालित की जायेगी और लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक और बोनस अंकों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ने पलटवार किया, भाजपा पर यूएस एड विवाद में

## ''भाजपा श्वेत पत्र जारी करने की हमारी माँग पर चुप है, क्योंकि भाजपा इस विवाद को जीवित रखना चाहती है, अपने दोष व कमियों से ध्यान हटाने के लिये''

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। भारत में चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए युनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डैवलपमैंट (यू.एस.ए.आई.डी.) अर्थात् यूएस एड द्वारा दिए जा रहे 21 मिलियन डॉलर की राशि को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो ''फंडिंग नैरेटिव'' पेश किया है, वह अपने पाप छिपाने के लिए है, कि किस तरह से उसने पूर्व कांग्रेस सरकारों को गिराने के लिए विदेशी फंड का इस्तेमाल किया था।

- **कांग्रेस का यह भी आरोप है कि भाजपा ने विदेशी धन व साधनों की मदद लेकर, कांग्रेस की सरकारों को गिराने का सदा प्रयास किया है।**
- **अगर भाजपा यूएस एड के पैसे को इतना अपवित्र व दूषित मानती है तो भाजपा सरकार ने भारत मिशन, अटल इनोवेशन मिशन इसे सहयोगी क्यों बनाया तथा नीति आयोग ने ''समृद्धि इनिशिएटिव'' को हाल ही में 2022 में पार्टनर की भूमिका क्यों ऑफर की।**

इसी दौरान कांग्रेस के मीडिया व पब्लिसिटी प्रभारी पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर संदेह दूर करने के लिए सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

ट्रम्प की स्वीकारोक्ति कि पूर्व यूएस सरकारें भारत में चुनावों को प्रभावित करती रही हैं, के बाद भाजपा ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र हितों के विरोध में काम करने का आरोप लगाया।

एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, खेड़ा ने कहा, ''यूएस एड द्वारा दिए गए 21 मिनियन डॉलर फंड की जो कहानी है, वो भाजपा, मोदी सरकार के मंत्रियों, भाजपा के आर्थिक सलाहकार तथा उसके आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख द्वारा गढ़ी गई है तथा आरएसएस-भाजपा ईकोसिस्टम तथा भाजपा के निकटस्थ मीडिया के वर्ग, लोगों का ध्यान भाजपा के उन पापों से हटाने के लिये, योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है, जो उसने भारत में कांग्रेस सरकारों, जिनमें यूपीए सरकार भी शामिल है, को अस्थिर करने के लिये विदेशी फंड का उपयोग करके किये हैं।

इंडियन एक्सप्रैस के शुक्रवार के अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट का हवाला देते हुये, उन्होंने कहा कि यह सच सामने आ गया है कि 21 मिलियन डॉलर का यू.एस.ए.आई.डी. फंड भारत को नहीं, बल्कि बाँग्लादेश को दिया गया था। सरकारी दस्तावेज सिद्ध कर रहे हैं। मोदी जी के घनिष्ठ मित्र ट्रम्प ने इरादतन या गैर-इरादतन डिपार्टमैंट ऑफ गवर्नमैंट एफिसिएंसी (डीओजीई) के जरिए यह भूल की थी।''

खेड़ा ने कहा, लेकिन आरएसएस-भाजपा ईकोसिस्टम ने निर्लज्जतापूर्वक इसे पकड़ लिया तथा तथ्यों का परीक्षण नहीं किया। इससे पता चलता है कि वे भारत के लोकतंत्र को नुकसान पहुँचाने के अपने कृत्यों को छिपाना चाहते थे।

आरएसएस और भाजपा पर हमला बोलते हुये, खेड़ा ने कहा, ''इंदिरा गांधी सही थीं, जब उन्होंने कहा था कि भाजपा के सैद्धांतिक पूर्वजों और जनता पार्टी के पीछे ''विदेशी हाथ'' है। यह किसी से छिपा नहीं है कि आरएसएस ने आपातकाल के दौरान तथा उससे पहले सीआईए की सहायता ली थी। भारत की चुनाव प्रक्रिया तथा हमारे लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने का तथा हमारे संविधान को दूषित करने का आरएसएस-भाजपा का घृणित रिकॉर्ड रहा है।''

इस मामले में सत्तारूढ़ दल पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मदन राठौड़ कल वापस भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनेंगे

जयपुर, 21 फरवरी। मदन राठौड़ का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनना तय हो गया है। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरा गया। मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा। ऐसे में उनका प्रदेशाध्यक्ष बनना फाइनल है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा शनिवार सुबह 11 बजे होगी।

- **कल मदन राठौड़ की घोषणा के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 21 सदस्यों का भी निर्वाचन होगा।**

इससे पहले, मदन राठौड़ के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित पांच प्रस्तावक बने। शाम साढ़े 4 बजे तक नामांकन भरे गए। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की गई।

चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय भाई रूपाणी ने कहा कि नामांकन फॉर्म भरने का समय पूरा हो गया। आज हमें पांच नामांकन फॉर्म के सेट मिले हैं, जिनमें एक ही नाम मदन राठौड़ का है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा होगी। प्रदेशाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल को केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन होगा, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे।

# दिल्ली की निवर्तमान व वर्तमान मु.मंत्री के बीच छींटाकशी शुरु हुई

## पूर्व मु.मंत्री आतिशी मारलीना ने भाजपा की नवगठित सरकार पर आरोप लगाया, उसने दिल्ली की हर महिला को ढाई हजार रूपये की सहायता देने का चुनावी वायदा पूरा नहीं किया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। दिल्ली की पूर्व एवं वर्तमान मुख्यमंत्रियों के बीच शब्द-बाण चलना शुरु हो गये हैं। निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि उसने महिलाओं को 2,500 रूपए की वित्तीय सहायता देने की योजना की घोषणा न करके अपना चुनावी वादा तोड़ दिया है। ज्ञातव्य है कि भाजपा ने ऐसा चुनावी वादा किया था। वर्तमान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पलटवार करते हुये कहा कि आप नेता को भाजपा से प्रश्न करने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, ''अब दिल्ली की चिंता हम करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता को उसके अधिकार मिलेंगे।''

- **नव निर्वाचित मु.मंत्री रेखा गुप्ता ने कटाक्ष का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में आयुष्मान भारत योजना की स्वीकृति देकर, दिल्ली के हर नागरिक को दस लाख रूपये का लाभ पहुँचाया। अतः अब आप पार्टी को भाजपा से दिल्ली की जनता की मदद पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं बनता और अब हम दिल्ली व उसकी जनता की भलाई की चिंता करने के लिए पर्याप्त हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में, दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी थी, जिसे आप सरकार ने रोक दिया था।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा, ''हमने पद संभालने के पहले दिन ही, दिल्ली की जनता को 10 लाख रूपए का लाभ दिया है।'' रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के 7 में से दो सदस्य अर्थात 29 प्रतिशत अरबपति हैं। सभी सात मंत्रियों की औसत सम्पति 56.03 करोड़ रुपए हैं, यह जानकारी इलैक्शन वॉचडॉग एसोसिएशन फॉर डैकोमैटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के एक विश्लेषण से प्राप्त हुई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने 248 करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की है।

वहीं पीडब्ल्यूडी, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने 115 करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की है। गृह, शिक्षा एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने 9 करोड़ रुपए की, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 5 करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की हैं। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री पंकज सिंह ने 4 करोड़ रुपए की और कानून एवं न्याय मंत्री कपिल मिश्रा ने एक करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की है। रोचक बात यह है कि वर्ष 2020 में दिल्ली के 7 में से 5 मंत्री यानि 71 प्रतिशत करोड़पति थे, तब मंत्रियों की औसत सम्पत्ति 8.96 करोड़ रुपए थी। वर्ष 2015 में आप सरकार के मंत्रियों की औसत सम्पत्ति 2.6 करोड़ रुपए थी।

# सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिली

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को एक दिन तक डॉक्टरों की देख-रेख में रहने के बाद शुक्रवार को यहां गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, गांधी को गुरुवार सुबह पेट दर्द के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल

- **वे कल पेट दर्द की शिकायत के साथ सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हुई थी।**

में नियमित चेकिंग के लिये ले जाया गया, जहां पेट से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें भर्ती कराया गया।

पार्टी सूत्रों के सनुसार, गांधी की कल सुबह नियमित जांच की गई, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया और आज सुबह छुट्टी दे दी गई।

गांधी को नियमित जांच के लिए अस्पताल ले जाता है लेकिन कल सुबह पेट दर्द के कारण उन्हें 24 घण्टे के लिए भर्ती किया गया। डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी करती रही थी।

# दिल्ली का विधानसभा सत्र 24 फरवरी

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा, जिसमें विधायकों की शपथ के साथ ही, कैग की रिपोर्ट को भी सदन पेश होने की संभावना है। यह सत्र तीन दिन, 24, 25 और 27 फरवरी को चलेगा। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट की

- **इस सत्र में विधायकों के शपथ ग्रहण के साथ सी.ए.जी. की लम्बित पड़ी 14 रिपोर्ट पेश होने की चर्चा है।**

पहली बैठक में सरकार ने एक तरफ आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया है तो दूसरी तरफ, कैग की लंबित पड़ी 14 रिपोर्ट को भी विधानसभा की पहली बैठक में ही पेश करने की बात कही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कल कहा था, आयुष्मान योजना को हमने न सिर्फ दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया है, बल्कि इसके खिलाफ पिछली सरकार ने अदालत में जो याचिकाएं दाखिल की थीं, उन्हें वापस लेने के लिए भी अपनी तरफ से कार्रवाई शुरू कर दी है, ताकि किसी भी प्रकार की अड़चन न आए।

# 'आपने अपनी दादी इंदिरा गांधी के नाम पर इस योजना का नाम रखा था'

## मंत्री की टिप्पणी पर जूली ने कहा, इंदिरा गांधी के लिये इस तरह की भाषा नहीं बोल सकते

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 21 फरवरी। ''पिछले बजट 2023-24 में आपने हर बार की तरह अपनी दादी इंदिरा गांधी के नाम पर इस योजना का नाम रखा था।'' प्रश्नकाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिक मंत्री अविनाश गहलोत ने एक सवाल के जवाब में यह तंज कसा।

मंत्री की इस टिप्पणी पर विपक्ष भड़क गया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंत्री की टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हुए कहा था- यह क्या बकवास है? इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रही हैं, उनके लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

इसके बाद मामला इतना बिगड़ा कि कांग्रेस के विधायक हंगामा करते हुए वैल में आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया और कहा कि दादी एक सम्मानजनक शब्द है, लेकिन तब तक विधायक स्पीकर की टेबल तक पहुंच गए थे।

दिनभर चले हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 3 बार स्थगित करनी पड़ी। शाम चार बजे विधानसभा की कार्यवाही फिर शुरू होने के बाद, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने डोटासरा सहित 6 कांग्रेस विधायकों को सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर किया गया।

इसके बाद, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सोमवार तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद, कांग्रेस के निलंबित विधायकों को घेरकर विपक्ष धरने पर बैठ गया।

इसके बाद, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने गोविंद सिंह डोटासरा, उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, अमीन कागजी, जाकिर हुसैन गैसावत, हाकम अली खान और संजय कुमार

- **हंगामे के कारण तीन बार विधानसभा की कार्यवाही स्थगित हुई तथा अंत में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के प्रस्ताव पर 6 कांग्रेस विधायकों को सदन से सस्पैंड किया गया। विपक्ष के विधायक सदन में धरने पर बैठे।**
- **सस्पैंड किये गये कांग्रेस विधायक हैं- कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, अमीन कागज़ी, ज़ाकिर हुसैन गैणावत, हाकम अली खान और संजय कुमार।**

को बजट सत्र की बची हुई अवधि के लिए निलंबित कर दिया। ज्ञात रहे कि गत वर्ष अगस्त में भी कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को सस्पेंड किया गया था।

सदन के बाहर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मंत्री ही सदन नहीं चलाना चाहते। आज पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी जब सदन में गतिरोध बना था, तब इनके मंत्री विधायकों ने मुझे और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को गालियां दीं, हम चुप रहे। आज मंत्री अविनाश गहलोत देश के लिए शहीद होने वाली उस आयरन लेडी इंदिरा गांधी के बारे में गलत शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, स्पीकर उसे कार्यवाही से नहीं हटा रहे। सदन में इस तरह की बातें करते हुए शर्म नहीं आती। इंदिरा गांधी के खिलाफ कमेंट को सदन की कार्यवाही से निकालें।

जूली ने कहा कि इनके मंत्री सदन में जवाब नहीं दे पाए। रफीक खान ने जब अफसरों पर फर्जी जवाब देने की बात कही तो उसे कार्यवाही से हटा दिया। सत्ता पक्ष ही नहीं चाहता कि सदन चले। मंत्रियों के जवाबों से बीजेपी विधायक ही संतुष्ट नहीं हैं। हमने सदन चलाने में सहयोग का वादा किया है तो इनके गुलाम नहीं हो गए। इस तरह नहीं चलने देंगे। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सत्ता पक्ष खुद सदन नहीं चलाना चाहता। हम विधानसभा में गाली नहीं खाएंगे। मंत्री जवाब नहीं दे पा रहे। विधायक रफीक खान के सवाल का मंत्री देवासी जवाब नहीं दे सके, गलत जवाब दिया।

डोटासरा ने कहा कि विधायक ने फर्जी आंकड़े देने की बात कही तो उनके आरोपों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया। मंत्री अविनाश गहलोत देश की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के लिए ''आपकी दादी'' कह रहे हैं, उनके शब्द को कार्यवाही से नहीं निकाला। यह सदन चलाने वाले लक्षण नहीं है। इस तरह नहीं चलेगा।

उधर मीडिया से बातचीत करते हुए संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जब-जब सदन में आते हैं, तो हंगामा होता है, वो नेता प्रतिपक्ष को पचा नहीं पा रहे हैं। आज प्रश्नकाल के दौरान सब ठीक चल रहा था, मंत्री अविनाश गहलोत ने आपकी दादी शब्द इस्तेमाल किया था, यह असंसदीय नहीं है। सत्ता पक्ष ने एक राय होकर फैसला किया। डोटासरा और कांग्रेस विधायक स्पीकर की डायस तक पहुंच गए थे।

जब स्पीकर ने उन्हें बुलाया था तो वे उग्र और आक्रामक होकर आए, इसलिए उनके खिलाफ एक्शन लेना पड़ा। सदन में धरना देना उनका अधिकार है, लेकिन फिर भी मैं खुले मन से बातचीत को तैयार हूं और मैं खुद बातचीत करने के लिए जाऊंगा। कांग्रेस के विधायकों को अपने कृत्य के लिए खेद भी जताना पड़ेगा।

# 'दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ से जुड़े सभी वीडियो - फोटो हटा दें'

नईदिल्ली, 21 फरवरी। रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को पत्र लिखा है। इस पत्र में रेल मंत्रालय ने एक्स से 15 फरवरी को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से जुड़े सभी वीडियो और फोटो को अपने प्लेटफॉर्म से हटाने के लिए कहा है। इसके पीछे मंत्रालय ने एथिकल नॉर्म्स का हवाला दिया है। रेलवे ने पत्र में एथिकल नॉर्म्स और आईटी पॉलिसी का हवाला देते हुए एक्स से ऐसे वीडियो हटाने को कहा है, जिनमें डेड बॉडी और बेहोश यात्री दिख रहे हैं। मंत्रालय ने 36 घंटे के भीतर एक्स से करीब 250 ऐसे वीडियो हटाने के लिए कहा है। हालांकि, एक्स की ओर से अभी तक रेलवे मंत्रालय के पत्र पर कोई जवाब नहीं दिया गया है।

- **रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को चिट्ठी लिखी।**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को उस वक्त भगदड़ मच गई थी, जब वहां महाकुंभ जाने वाले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्कूल बस से टकराई कार, पति-पत्नी की मौत, चार बच्चों समेत नौ घायल

## कार सवार लोग मकान पर लोन के लिए फाइल पर साइन करने बाली जा रहे थे

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले के बाली में स्कूल बस और कार की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि 4 स्कूली बच्चों समेत 9 लोग घायल हो गए। भीषण भिड़ंत में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह पिचक गया।

जानकारी के अनुसार कार सवार लोग मकान पर लोन के लिए फाइल पर साइन करने बाली जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में एक बाइक सवार युवक को बचाने की कोशिश में उनकी कार सामने से आ रही स्कूल बस से टकरा गई। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 4.15 बजे हुआ। बाली एसएचओ पर्वत सिंह ने बताया कि बाली और कोट गांव के बीच बाइक सवार युवक को बचाने की कोशिश में कार सामने से आ रही स्कूल बस से टकरा गई।



हादसें में घायल हुये लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसा इतना भीषण था कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार अमरचंद (59) पुत्र गणेश राम निवासी मादा, पाली और उनकी पत्नी भंवरी (50) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि रमेश (36) पुत्र अमरचंद, प्रिया (32) पत्नी रमेश और उनके बेटे यश (8), वीरांश (7) और रौनक (6) घायल हो गए। स्कूल बस में बैठे लालराई निवासी प्रियांशी (7), भंवरलाल माली (11), नैतिक (10) और सौरभ (13) चोटिल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाली अस्पताल ले जाया गया।

- **बाइक सवार युवक को बचाने की कोशिश में कार सामने से आ रही स्कूल बस से टकरा गई थी**

प्राथमिक इलाज के बाद अमरचंद, उनकी पत्नी भंवरी और पोते यश को गंभीर हालत में पाली रेफर कर दिया गया। पाली ले जाते समय अमरचंद और भंवरी की मौत हो गई। जबकि यश का पाली के बांगड़ अस्पताल में इलाज चल रहा है, उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रमेश को मकान पर लोन लेना था। लोन की फाइल पर उसके पिता अमरचंद और मां भंवरी के साइन करवाने थे। ऐसे में रमेश अपने मम्मी-पापा के साथ पत्नी और बच्चों को लेकर को बाली लेकर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में हादसा हो गया।

# रीट की तैयारी कर रही छात्रा ने फांसी लगा सुसाइड किया

## अंजान नम्बर से कॉल आने के बाद मकान मालिक ने दरवाजा खटखटाया, तब घटना का पता चला

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गुरूवार की देर रात को वसुंधरा कॉलोनी में किराए से रह कर रीट की तैयारी कर रही छात्रा ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। गुरुवार देर रात जब छात्रा ने दरवाजा नहीं खोला तो मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। घटना सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी की है।

उदेई मोड़ थाना के हेड कॉन्स्टेबल मुरारीलाल मीणा ने बताया कि करौली जिले के सपोटरा तहसील के माधोराजपुरा गांव की रहने वाली मनीषा मीणा वसुंधरा कॉलोनी में किराए के कमरे में रह रही थी। रात को खाना खाने के बाद मनीषा ने कमरे में छत के कड़े पर चुन्नी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पुलिस टीम रात 12:30 बजे मौके पर पहुंची। युवती को गंगापुर सिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर की मनीषा ने 2 साल का बीएसटीसी कोर्स पूरा किया था। उदेई मोड थाना के हेड कॉन्स्टेबल मुरारीलाल मीणा ने बताया कि मनीषा पिछले एक साल से तैयारी कर रही थी। उसके माता-पिता गांव में खेती-बाडी का काम करते हैं। शुक्रवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मकान मालिक मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मनीषा गुरुवार शाम करीब नौ बजे पास में ही खाना खाने के लिए गई थी। रात को मनीषा से बात भी हुई थी, लेकिन ऐसी कोई बात सामने नहीं आई। रात करीब 12.30 बजे उन्हें अनजान नंबर से फोन आया था कि मनीषा ने फंदा लगाया है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# रिश्वत लेते सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (निसं)। ग्राम पंचायत 90 जीबी में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने ग्राम पंचायत के सुरक्षा गार्ड राजकुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना में 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। राजकुमार ने एक व्यक्ति से प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी करवाने के लिए 6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी से की।

शिकायत में बताया गया कि सुरक्षा गार्ड ग्राम विकास अधिकारी और एलडीसी के लिए यह रिश्वत मांग रहा था। श्रीगंगानगर एसीबी के डीएसपी वेदप्रकाश लखोटिया के अनुसार, शिकायत के सत्यापन के बाद कार्रवाई की गई। एसीबी की टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी और एलडीसी से भी पूछताछ की जा रही है।

# अवैध देशी शराब के साथ तस्कर पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सत्यनारायण बिना लाइसेंस के शराब का परिवहन कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 192 पव्वे अवैध देशी शराब और तस्करी में प्रयुक्त ऑटो जब्त कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि 20 फरवरी 2025 को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त बालाराम के निर्देशन में थाना ज्योति नगर की पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

# बिजयनगर ब्लैकमेल कांड : वकीलों ने आरोपियों को कोर्ट में पीटा

## आरोपियों को पुलिस ने अजमेर कोर्ट में पेश किया, वकिलों की पुलिस से हुई नोंक-झोंक

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर संभाग के ब्यावर जिले के बिजयनगर में छात्राओं से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अजमेर कोर्ट में पेश किया। गुस्साए वकीलों ने आरोपियों की पिटाई कर दी। इसी बीच पुलिस और वकीलों की तीखी नोंक झोंक हो गई। वहीं मामले को लेकर बिजयनगर में सर्वसमाज द्वारा बंद का आव्हान किया गया जो शांतिपूर्ण रहा।

**आरोपी पांच दिन की रिमांड पर :-** उपअधीक्षक सज्जन सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन नाबालिग हैं। इससे पहले पकड़े गए आरोपी लुकमान उर्फ साहेब, सोहेल मंसूरी, रिहान मोहम्मद और अफराज को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। इनकी निशानदेही पर गिरफ्तार किए गए कैफे संचालक श्रवण, आशिक और करीम को भी कोर्ट में पेश किया गया, जिन्हें सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों के जप्त मोबाइल फोन की जांच के लिए एफएसएल भेजा गया है। वहीं कैफे में लगे सीसी टीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है।

- **मामले को लेकर बिजयनगर में सर्वसमाज द्वारा बंद का आव्हान किया गया जो शांतिपूर्ण रहा**

**वकील व पुलिस कर्मियों में हुई तीखी नोंक झोंक :-** पुलिस ने सात आरोपियों को बख्तरबंद वाहन में लेकर कोर्ट परिसर पहुंची। इस दौरान कोर्ट में वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते अधिवक्ताओं ने आरोपियों को पेश किए जाने पर ऐतराज जताया। अधिवक्ता सरकार के नए कानून के विरोध में दो दिन के कार्य बहिष्कार की घोषणा कर रखी थी। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। तभी पुलिस और वकीलों में तीखी नोंक झोंक हो गई। गुस्साए वकीलों ने आरोपियों की पिटाई कर दी।

**एसपी से शिकायत :-** कोर्ट परिसर में हुए हंगामे और पुलिस द्वारा कथित रूप से बदसलूकी करने पर वकीलों ने शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर एएसआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एडवोकेट प्रदीप कुमार ने बताया कि जब वह कोर्ट परिसर में अपने काम के लिए जा रहे थे, तभी पुलिस द्वारा आरोपियों को लाया जा रहा था। इस दौरान अधिक भीड़ होने के चलते सिविल लाइन थाने के एएसआई भीम सिंह ने उन्हें अपशब्द कहे और काम करने से रोका, जब उन्होंने इसका विरोध कियाए तो एएसआई ने उन्हें धमकी दी।

**सर्व समाज का बिजयनगर बंद :-** ब्यावर जिले के बिजयनगर में शुक्रवार को सर्व समाज संघर्ष समिति द्वारा बंद का आव्हान किया गया। सर्व समाज के लोग चार बत्ती चौराहा पर एकत्रित हुए और बाजारों में घूमकर अपना विरोध जताया। बंद के दौरान सभी दुकानों को बंद रखा गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के लिए फांसी की सजा दी जाए। बंद को देखते हुए शहर कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# समुदाय विशेष के लोगों ने गायक कलाकार व साथी पर हमला किया

- **मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया, पीड़ित पक्ष का प्राथमिक उपचार व मेडिकल करवाया**
- **घटना से आसींद में माहौल गरमाया, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच लोगों से समझाइश की**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद कस्बे में बीती रात मामूली से विवाद के बाद समुदाय विशेष के लोगों ने गायक कलाकार व उसके एक साथी पर हमला कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। एहतियातन कस्बे में पुलिस जाब्ता तैनात करना पड़ा। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर तीन लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, अर्जुनपुरा निवासी गायक कलाकार राजू पुत्र मोहन रावल, साथी मोनू गुर्जर सहित चार जनों के साथ कार से आसींद के पीडब्ल्यूडी चौराहे से नेगड़िया के लिए रवाना हुए। नेगड़िया और पीब्ल्यूडी चौराहे के बीच एक ट्रैक्टर रोड पर खड़ा था, जिसे हटाने के लिए कार का हॉर्न बजाया। इसे लेकर दो पक्षों के बीच बहस हो गई। आरोप है कि मीरांबक्ष, जावेद व साजिद आदि ने राजू व मोनू पर हमला कर दिया। आरोपितों ने ईंट मारकर कार का शीशा भी तोड़ दिया। हमले में राजू की आंख के पास चोट आई। इस घटना से आसींद में कुछ देर माहौल गरमा गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश की। साथ ही पीड़ित पक्ष का प्राथमिक उपचार व मेडिकल करवाते हुये राजू रावल की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच डीएसपी आसींद ओमप्रकाश सिंह ने शुरू की। वहीं दूसरी और शुक्रवार को आसींद कस्बे के लोगों ने एसडीएम ऑफिस पर प्रदर्शन कर एसडीएम भरतराज गुर्जर को ज्ञापन दिया। इसमें बताया गया है कि राजू रावल व उसके साथियों से मारपीट करने वाले समुदाय विशेष के जो लोग हैं, उनके द्वारा नेगड़िया रोड पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, जिसे रोका जाये। डीएसपी आसींद सिंह ने इस दौरान कहा कि मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

# ग्रामीणों ने पुलिस दल पर पत्थरबाजी कर नशेड़ियों को छुड़ाया

**उदयपुर,** (कासं)। नशेड़ियों को पकड़ने गए पुलिस दल पर ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर दी जिससे पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया तथा थानाधिकारी सहित चोटिल हो गए। इसको देख पुलिस ने लाठियां भांज भीड़ से तीन नशेड़ियों को पकड़ा, हमला करने वालों के खिलाफ राजकार्य बाधा का मामला दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 फरवरी रात में ग्रामीणों की शिकायत पर फलासिया थानाधिकारी सीताराम कांस्टेबल विक्रम, जगदीश, विनोद, बंशीलाल के साथ कोल्यारी चौराहे पहुंचे। जहां अवैध रूप से गांजे का सेवन करने वाले कुछ युवकों को पकड़ लिया। पुलिस को देख चिल्लाने पर नशेड़ियों के परिजनों ने घेरा डालकर पत्थरबाजी कर दी तथा इसको देख पुलिस ने ईमरान, रईस तथा मुजम्मिल पुत्र मुनीर को दबोच आई। मामले में मुनीर खां,जब्बर खां, अरमान खां, फैजान खां, मुस्कान बानो, शबाना बानो, जयदा बानो, फैजान पुत्र मेहमूद खां, शाहरूख खां पुत्र बरकत खां, अफजल खां, सोहेल खां पुत्र हिम्मता खां, युनुस खां, शाबिर खां पुत्र इस्माईल खां तथा अयूब खां व साथियों के खिलाफ पुलिस दल पर पथराव करने, पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त करने व चोट पहुंचाने का प्रकरण दर्ज करवाया है।

# अवैध अफीम की खेती करते चार गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए खेत में अवैध अफीम की खैती करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके से 225 किलो अवैध अफीम के पौधों को जब्त किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर दल ने अवैध मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मोरवल गोगुन्दा निवासी भंवर पुत्र गुलाबपुरी के खेत पर दबीश देकर 130 किलोग्राम अवैध अफीम के पौधे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी दौरान भीम कुण्ड सोलारिया में पहाड़ी पर अवैध अफीम की खेती करने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीम ने 95 किलोग्राम अवैध अफीम के पौधे जब्त कर आरोपी प्रकाशनन्द पुत्रप्रकाश कुमार पुत्र खुमाण निवासी बस स्टेण्ड के पास गोगुन्दा हॉल महाराज भीमकुण्ड आश्रम सोलारिया गोगुन्दा, सोहनसिंह पुत्र हेमसिंह निवासी मोरवल फला कालुण्डा गोगुन्दा व लक्ष्मणसिंह पुत्र सुरतसिंह निवासी मोडवा गोगुन्दा को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।


Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div. I Bikaner
Email ID- eepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 5230-55 Date: 12.02.2025

**Notice Inviting Bid: 80-82/2024-25**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 28.02.2025 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 274.94 Lacs.
UBN NO. PHE2425WSOB09754, PHE2425WSOB09755, PHE2425WSOB09756

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

(Rajiv Dutta)
Executive Engineer
DIPR/C/2110/2025 PHED, Distt (R) Div I Bikaner

Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div. I Bikaner
Email ID- eepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 5257-82 Date: 12.02.2025

**Notice Inviting Bid: 83-86/2024-25**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 03.03.2025 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 320.00 Lacs.
UBN NO. PHE2425WSRC09766, PHE2425WSRC09767, PHE2425WSRC09768, PHE2425WSRC09769

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

(Rajiv Dutta)
Executive Engineer
DIPR/C/2114/2025 PHED, Distt (R) Div I Bikaner

Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div. I Bikaner
Email ID- eepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 5312-37 Date: 12.02.2025

**Notice Inviting Bid: 90-94/2024-25**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 27.02.2025 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 287.64 Lacs.
UBN NO. PHE2425WSOB09809, PHE2425WSOB09810, PHE2425WSOB09811, PHE2425WSOB09812, PHE2425WSOB09813

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

(Rajiv Dutta)
Executive Engineer
DIPR/C/2137/2025 PHED, Distt (R) Div I Bikaner

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर
क्रमांक-5860 दिनांक-13.02.2025

**Notice Inviting Bid- 53/2024-25**

Bid for the "Construction of RUB at 321/9-10 Lalgarh Bikaner, Polytechnic College and MLA Lad Works" are invited from interested bidders from 13.02.2025 (09.30 AM) to 22.02.2025 (06.00 PM) & Open date 2302.2025 (11.00 AM), other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 190.96 Lakh.
UBN NO. PWD2425WSOB15229

Executive Engineer,
DIPR/C/2211/2025 PWD City Division, Bikaner

OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER, PHED, REGION AJMER
PHONE NO. 0145-2624748 Email-aceregionajmer@gmail.com
No. F.( )/Ar.BHL/2024-2025/15774-15823 Dated: 14.02.2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Bids for the work of providing, installing & commissioning FST BUS Transfer System at Thadoli, Kekri, Goyala & Nasirabad Headwork under Bisalpur-Ajmer Water Supply Project. (NIT No. 22/2024-25 ; Estimated Cost Rs. 209.46 Lacs) are invited from interested bidders up to 10.03.2025. Other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
UBN NO. PHE2425WSOB09868, NIB NO. PHE2425A4582

Sd/-
(RamChandra Rar)
Additional Chief Engineer
DIPR/C/2212/2025 PHED, Region, Ajmer

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
क्रमांक :- राजकाज 13713331 दिनांक :- 19/02/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या:- जोन दक्षिण/19/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB Code :- JOD2425A0170
UBN No. :- JOD2425WSOB00379 To JOD2425WSOB00382
राज.संवाद/सी/24/12053 अधिशाषी अभियंता (दक्षिण)

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) कॉर्पोरेट कार्यालय, 04, मीरा मार्ग, उदयपुर- 313001(राज.)
फोन नम्बर: (0294)2428768/2428763-67, फैक्स: (0294)2428768,2428739
दिनांक :- 21/02/2025

**ई-निविदा सूचना**

| ई-निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| ई-निविदा संख्या 16/2024-25 UBN No. MML2425GLOB00209 | कोर्पोरेट कार्यालय, उदयपुर में ऐप्पल मेक आईपैड प्रो मय ऐप्पल केयर+, ऐप्पल पेंसिल प्रो और कवर के साथ आपूर्ति और इन्स्टोलेशन हेतु। अनुमानित मात्रा- 07 नग, धरोहर राशि (रु. में) 21,000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में) 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com / www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा उप महाप्रबंधक (एमएम) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/24/12057 उप महाप्रबन्धक (प्रशासन)

कृषि महाविद्यालय
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर-जयपुर), बसेड़ी : धौलपुर (राज.)-328027
क्रमांक :- प.( )/भंडार/कृमब/2025/2240 दिनांक :- 19/02/2025

**ई-बिड सूचना**

कृषि महाविद्यालय बसेडी में विभिन्न श्रेणी के प्रयोगशाला उपकरणों व अन्य सामानों आदि की आपूर्ति हेतु ई-बिड प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in पर देखा जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाए दिनांक 01.03.2025 समय अपराहानः 02:00 बजे तक Upload करवाई जा सकती है प्राप्त निविदाए दिनांक 03.03.2025 को सुबह 11.00 बजे टैण्डर समिति द्वारा खोली जावेगी।
UBN : SKN2425GLOB00418, NIB CODE- SKN2425A0419
राज.संवाद/सी/24/12074 अधिष्ठाता

नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :-न.प.सु/विकास/2025/7120 दिनांक :- 19.02.2025

**-: ई-निविदा सूचना-2025-26 :-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 05.03.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2425WSOB17672), (DLB2425WSOB17673) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/12095 नगर परिषद सुजानगढ

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटर शेड सैल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद राजसमन्द
क्रमांक-एफ( )जल ग्रहण/2024-25/4074 दिनांक-18/02/2025

**संशोधित अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-17/2024-25 से 19/2024-25**

इस कार्यालय की अल्पकालीन ई निविदा 17/2024-25 से 19/2024-25 जो कि दिनांक 12.02.2025 प्रातः 9.30 बजे से 19.02.2025 को दोपहर 12 बजे तक http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड की जानी थी, वो अब दिनांक 24.02.2025 दोपहर 12 बजे तक वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। शेष शर्ते पूर्वानुसार ही रहेगी।

| क्र.सं. | एनआईटी नम्बर | राशि (लाखों में) | UBN Number | NIB Code |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17/2024-25 | 45.07 | WSC2425WSOB01197 | WSC2425A0569 |
| 2 | 18/2024-25 | 40.55 | WSC2425WSOB01198 | WSC2425A0570 |
| 3 | 19/2024-25 | 23.26 | WSC2425WSOB01199 | WSC2425A0571 |

अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक
वाटर शेड सैल कम डाटा सेन्टर,
DIPR/C/2391/2025 जिला परिषद राजसमन्द

कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा
Email : nnkota@gmail.com, nnksouth@gmail.com, websites : www.kotamc.org, Ph.:
क्रमांक :- ननिको-द0/उपायुक्त/भ.नि.अनु/2025/17585-86 दिनांक:- 18.02.2025

**पट्टा निरस्तीकरण सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत धारा 69 ए में चौहान भवन के पास छावनी कोटा क्षेत्रफल 111.55 वर्गमीटर वार्ड 59 कोटा क्षेत्र का पट्टा क्रमांक- कैंप/2023/2870 (आवासीय) दिनांक 25.07.2023 से **श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री विरेन्द्र** के पक्ष में जारी किया गया था। शिकायत प्राप्त होने पर जाँच उपरान्त उक्त पट्टा आवेदक द्वारा तथ्य छुपाकर प्राप्त किया गया था एव पट्टे की शर्त संख्या 08 में **(उक्त पट्टा अभिलेख आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य तथ्यों के आधार पर आवेदनकर्ता के पक्ष में निष्पादित किया जाता है। भविष्य में प्रस्तुत तथ्यों में कोई गलत/मिथ्या कथन प्रकट होता है तो पट्टा विलेख स्वतः निरस्त माना जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी) राजस्थान नगर पालिका अधिनियम -2009 की धारा 73-बी के तहत** प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त पट्टा नगर निगम कोटा दक्षिण के आदेश पत्रांक ननिको-द0/उपायुक्त जोन प्रथम/भ.नि.अनु/2025/17506 दिनांक 17.02.2025 के द्वारा **निरस्त** कर **श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री विरेन्द्र** को भी सूचित किया जा चुका है। पट्टा निरस्तीकरण आदेश सक्षम स्तर पर अनुमोदित है।

अतः उक्त पट्टे के संबंध में **श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री विरेन्द्र** द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही जैसे विक्रय/बैंक लोन अन्य कोई कार्यवाही की जाती है तो इसके लिए नगर निगम कोटा दक्षिण उत्तरदायी नहीं होगा।

राज.संवाद/सी/24/12121 उपायुक्त

RIICO राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201
ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाईट- www.riico.co.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, श्रीगंगानगर | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार, एग्रो फूड पार्क व 13 एल.एन.पी., श्रीगंगानगर में स्ट्रीट लाईट की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425GSOB01598 | 1.93 |
| 1.2 | विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र रीको हनुमानगढ़ में स्ट्रीट लाईट का सामान आपूर्ति एवं फिक्सिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01611 | 1.90 |
| 2. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी-सीतापुरा, जयपुर | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण में मिसिंग स्ट्रीट लाईट पोल एवं फिक्सर्स की आपूर्ति व लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01606 | 1.99 |

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं (लागत रूपये 2 लाख या उससे अधिक) निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, श्रीगंगानगर | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार, श्रीगंगानगर के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में सी.सी. रोड़ का निर्माण कार्य। UBN-RDC2425WSOB01595 | 8.84 |
| 1.2 | औद्योगिक क्षेत्र श्रीविजयनगर, श्रीगंगानगर में पेरीफेरी बाउंड्री पर आर.सी.सी. पिल्लर का निर्माण कार्य। UBN-RDC2425WSOB01596 | 17.08 |
| 1.3 | श्रीगंगानगर में महात्मा गाँधी स्कूल में लोहे के फर्नीचर की आपूर्ति का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01597 | 3.23 |
| 2. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी-सीतापुरा, जयपुर | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा तृतीय चरण स्थित आवासीय कॉलानी के कम्यूनिटी सेन्टर के उन्नयन का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01610 | 18.38 |
| 3. | इकाई प्रभारी, जयपुर(दक्षिण) | |
| 3.1 | औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर में मरम्मत कार्य एवं सड़क का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01594 | 19.24 |
| 4. | इकाई प्रभारी, जयपुर(उत्तर) | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर उसके निस्तारण एवं नियमित आर.ओ.डब्ल्यू. की सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01599 | 74.40 |
| 4.2 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग बोर्ड की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01601 | 2.38 |
| 4.3 | औद्योगिक क्षेत्र कालाडेरा, जयपुर में 2 वर्ष की अवधि हेतु सामान सहित स्ट्रीट लाईट्स के नियमित संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01602 | 8.67 |
| 4.4 | औद्योगिक क्षेत्र जैतपुरा, जयपुर में 2 वर्ष की अवधि हेतु सामान सहित स्ट्रीट लाईट्स के नियमित संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01603 | 3.88 |
| 4.5 | औद्योगिक क्षेत्र जैतपुरा, जयपुर में ट्यूबवैल को गहरा करने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01604 | 4.15 |
| 4.6 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा-विस्तार, जयपुर में ट्यूबवैल को गहरा करने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01605 | 4.56 |
| 5. | इकाई प्रभारी, भरतपुर | |
| 5.1 | औद्योगिक क्षेत्र बरौली, धौलपुर की बाहरी सीमा में खंभों का निर्माण कार्य। UBN-RDC2425WSOB01592 | 17.26 |
| 6. | इकाई प्रभारी, उदयपुर | |
| 6.1 | औद्योगिक क्षेत्र कलड़वास विस्तार में बेड मेसेनरी एवं नाली बनाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01600 | 19.45 |
| 7. | इकाई प्रभारी, अजमेर | |
| 7.1 | औद्योगिक क्षेत्र परबतपुरा माखुपुरा विस्तार में विभिन्न रखरखाव के कार्य। UBN-RDC2425WSOB01607 | 9.09 |
| 7.2 | औद्योगिक क्षेत्र माखुपुरा एस्टेट में नालियों के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01608 | 8.77 |
| 7.3 | औद्योगिक क्षेत्र परबतपुरा में नालियों के रखरखाव का कार्य UBN-RDC2425WSOB01609 | 5.10 |
| 8. | इकाई प्रभारी, भीलवाड़ा | |
| 8.1 | औद्योगिक क्षेत्र चतुर्थ चरण बिलिया, भीलवाड़ा में एलईडी स्ट्रीट लाईट और हाई मास्ट लाईट प्रणाली का संचालन और रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01588 | 5.40 |
| 9. | इकाई प्रभारी, बोरानाड़ा | |
| 9.1 | बोरानाड़ा औद्योगिक पार्क और लिंक रोड़ की सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01589 | 3.80 |
| 9.2 | रीको रेस्ट हाउस, जोधपुर में वर्षा जल की निकासी के लिए जी.आई. शीट की छत लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01590 | 14.00 |
| 9.3 | बोरानाड़ा औद्योगिक पार्क, बोरानाड़ा में फायर स्टेशन संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01591 | 7.20 |
| 10. | इकाई प्रभारी, बालोतरा | |
| 10.1 | औद्योगिक क्षेत्र बाड़मेर फेज प्रथम, द्वितीय और द्वितीय विस्तार में सामग्री सहित स्ट्रीट लाईट के संचालन व रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01593 | 3.86 |

निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट www.riico.co.in व www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: महाप्रबंधक (सिविल), फोन -0141-4593243 Raj.Samwad/C/24/12125

## सार-समाचार

### जन आधार योजना हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** जनआधार योजना कार्य के क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं समन्वय हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण बैठक का आयोजन आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पुनीत शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में जनआधार में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण देकर, जन आधार के लम्बित प्रथम एवं द्वितीय स्तरीय पेंडिंग सत्यापनों का शत प्रतिशत निस्तारण, जन आधार में नामांकित सदस्यों की अनिवार्य रूप से आधार-केवाईसी करवाने एवं समस्त दस्तावेज अपलोड करवाने के निर्देश प्रदान किये। ब्लॉक स्तर पर जन आधार से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ब्लॉक स्तर पर गठित हेल्प डेस्क के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिए एवं ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक ब्लॉक पर 2 मास्टर ट्रेनर बनाकर ई-मित्र एवं ग्राम विकास अधिकारी को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। जिला रजिस्ट्रार पुनीत शर्मा ने बैठक में जिले के जन्म-मृत्यु एवं विवाह रजिस्ट्रीकरण कार्य की प्रगति एवं शत प्रतिशत पंजीयन के कार्यो की समीक्षा की। साथ ही विभागीय कार्यो-ग्राम, सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में सहायक निदेशक डॉ. पीयूष कुमार भण्डारी, समस्त ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी मुनीन्द्र सिंह चौहान, सांख्यिकी निरीक्षक नम्रता शर्मा एवं सूचना सहायक भावेश खत्री आदि उपस्थित रहे।

### चाकू से हमला, दो युवक घायल

**उदयपुर, (कासं)।** आपसी रंजिश के चलते बाइक सवार बदमाशों ने चाकू से हमला कर दो युवकों को घायल कर फरार हो गए। घटना गुरूवार देर रात की है जो मल्लातलाई क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार सज्जननगर कच्ची बस्ती निवासी अमान शेख पुत्र कलाम शेख तथा फैजान पुत्र आरिफ गुरूवार रात में मल्लातलाई चौराहे पर मंगलम चाय की थड़ी से चाय पीकर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक पर आए फैजान सुगला व समीर सुगला निवासी फारूख आजम कॉलोनी अंबामाता ने चाकू से हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज होने पर पकडे जाने के भय से आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल फैजान व अमान को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पूछताछ में पता चला कि पीडित व आरोपियों के बीच आपसी रंजिश चल रही थी। इसी के चलते हमला करने की जानकारी सामने आई है।

### ट्रक से सरकारी शराब चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास स्थित सरकारी गोदाम में खड़े ट्रक से अज्ञात चोर शराब चुरा ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप तंवर पुत्र भेरूलाल निवासी शितला माता गली मेवाड़ हास्पीटल के पास बेदला हॉल प्रबन्धक रिको राजस्थान बेबरेजेज कार्पोरेशन लि. बलिचा ने गोवर्धन विलास पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरबीएस एल डिपों वलिचा में स्थित है। जहां पर दो चौकीदार एवं सीसीटीवी केमरों होने के बावजूद 11 फरवरी रात में अज्ञात चोर गोदाम की बाउंड्री से कूद कर गोदाम में खड़े ट्रक का तिरपाल खोल कर 50 कर्टन शराब के चुरा ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### अवैध एमडीएमए जब्त, एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध एमडीएमए जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दलपतसिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित दल ने जवास रोड़ पर नाकाबंदी कर आरोपी मो. अफजल अली पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी करावाड़ा पहाड़ा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 15 लाख रूपये मूल्य की 30.66 ग्राम एमडीएमए जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

### बाइक मय गैस टंकियां चुराने वाला पकड़ा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने गैस हॉकर की बाइक मय गैस टंकिया चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित सुरेन्द्रसिंह पुत्र गणपतसिंह निवासी देरी बावनवास सवाई माधोपुर हॉल सेक्टर 3 ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मैं गैस हॉकर हूं तथा 9 फरवरी को बाइक लेकर एलन कोचिंग के पास गया जहां बाइक मय दो सिलेण्डर खड़ा किया था। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निद्रेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरीनाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी एएसआई बसंतीलाल मय टीम ने मामले में अनुसंधान करते हुए आरोपी वार्ड 21, कर्मचारी कॉलोनी नाथद्वारा राजसमन्द निवासी गजेन्द्र कुमार पुत्र गोपाल लाल को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार चोरी की गई बाइक मय गैस टंकिया बरामद की।

### बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आव्हान पर आज नगर की समस्त बैंको के सभी बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियो ने बैंको में लम्बे समय से रिक्त पड़े ख़ाली पदों को भरने, पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने व अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार शाम पीएनबी टाऊन हाल रोड शाखा के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो का नेतृत्व युनाइटेड फोरम के संयोजक डी के जैन, स्टेट बैंक ऑफीसर्स एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष राजेश जैन, पी एस खींची, बी एल अग्रवाल, एम एम शर्मा, सुनील डाबोल नरेश चावत, जगमेंद्र सिंह, अम्रता सिह व निर्मल उपाध्याय आदि ने किय। प्रदर्शन के बाद वक्ताओं ने कहा कि बैंकों में कार्यरत सभी संवर्गों में दो लाख पद रिक्त पड़े होने के बावजूद सरकार द्वारा भारती की प्रक्रिया चालू नहीं किए जाने के कारण कर्मचारियों का शोषण तो हो ही रहा है साथ में ग्राहक सेवा भी प्रभावित हो रही है ऐसे ही बैंक कर्मचारियों के कई महत्वपूर्ण मुद्दे पिछले काफी समय से लंबित है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री बघेल ने सरस डेयरी का अवलोकन किया



सरस डेयरी का अवलोकन करते केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. बघेल।

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार के केन्द्रीय डेयरी पशुपालन एवं मत्स्य राज्यमंत्री प्रो.एस.पी.सिंह बघेल ने उदयपुर सरस डेयरी का सघन दौरा किया। मंत्री बघेल ने दुग्ध संघ का गहनता से भ्रमण कर दुग्ध की प्रोसेसिंग, गुण नियंत्रण, दुग्ध उत्पाद यथा घी, छाछ, लस्सी, पनीर, श्रीखंड, फ्लेवर्ड मिल्क, कुल्फी, मावा एवं पेड़ा के निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। मंत्री ने संयंत्र भ्रमण के दौरान गांवों मे डेयरी गतिविधियों को बढाने एवं अधिक से अधिक पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय

■ **गांवों मे डेयरी गतिविधियां बढ़ाएं व पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय से जोड़े : बघेल**

से जोड़ने तथा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता अच्छी रखने पर जोर दिया।

केन्द्रीय मंत्री ने पशुपालकों द्वारा परम्परागत खेती के साथ नई तकनीक एवं औषधीय खेती अपनाने एवं प्शु संवर्धन हेतु सेक्स सोरटेड सीमन कृत्रिम गर्भाधान पद्धति अपनाने पर जोर दिया ताकि 90 प्रतिशत से ज्यादा उच्च नस्ल की बछड़ियां पैदा हो। उन्होंने भारत सरकार का खुरपका, मुखपका एवं गलघोटू बीमारियों से प्शुओं को मुक्त कराने का संकल्प दोहराया। उन्होंने उदयपुर के लिए राजस्थान सरकार द्वारा बजट मे 3 लाख लीटर दूध/प्रतिदिन क्षमता का नया डेयरी संयंत्र एवं 150 टन प्रतिदिन क्षमता का पशुआहार संयंत्र स्थापित करने की घोषणा को सराहनीय बताया और राजस्थान की डेरियों मे नई एवं उच्च तकनीकों के आदान प्रदान हेतु एनडीडीबी के साथ बैठक आयोजित करने को कहा। दुग्ध संघ उदयपुर के अध्यक्ष डालचंद डांगी व प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री का साफा एवं उपरणा पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष डांगी ने संघ के माध्यम से सरकार की ओर से आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। संघ के प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने संघ के कार्यकलापों एवं दुग्ध उत्पादकों के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देते हुये संघ की प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान परपशुपालन विभाग के अधिकारी एवं संघ के सभी अनुभाग प्रभारी उपस्थित थे।

# 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजी तथा इनोवेशन' विषय पर कांफ्रेंस



पेसिफिक में 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजी तथा इनोवेशन' विषय पर कांफ्रेंस का आयोजन हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक विवि में इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर संकाय द्वारा 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजी तथा इनोवेशन' विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।

कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि एम बी एम विवि,जोधपुर एवं बीकानेर टेक्निकल विवि के कुलपति प्रो अजय कुमार शर्मा ने बताया की आज का युग प्रौद्योगिकी और नवाचार का युग है।भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई तकनीकों को अपनाना होगा और सतत विकास के लिए नवाचार को बढावा देना होगा। मुख्य वक्ता प्रो.अनुपम भटनागर ने बताया की आज के डिजिटल युग में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और इनोवेशन समाज और उद्योगों के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का अर्थ है वे नई और उन्नत तकनीकें जो भविष्य में व्यापक रूप से उपयोग में लाई जा सकती हैं। ये तकनीकें विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं और हमारे जीवन को आसान बना रही हैं। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हमारे जीवन को अधिक सुविधाजनक, कुशल और सुरक्षित बना रहे हैं। यदि इनका सही ढंग से उपयोग किया जाए, तो ये तकनीकें शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यावरण संरक्षण में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती हैं। विवि के ग्रुप प्रेसिडेंट प्रो. बी.पी. शर्मा ने बताया की हमे राष्ट्र की जरुरत के अनुसार तकनीक को विकसित करना होगा।

इनका सही उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बडी उपलब्धियां हासिल करने में मदद कर सकता है। भविष्य में ये तकनीकें और अधिक परिष्कृत होकर नए अवसरों को जन्म देंगी। कांफ्रेंस के विशिष्ठ अतिथि विवि के प्रेसिडेंट प्रो.हेमंत कोठारी ने बताया कि यह कांफ्रेंस शोधार्थियों को नया धरातल प्रदान करेगी जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, और रोबोटिक्स से जुडे नवाचार वैश्विक स्तर पर औद्योगिक क्रांति ला सकते हैं। कांफ्रेंस चेयरमेन प्रो. दिलेन्द्र हिरन बताया की यह सम्मेलन तकनीकी उन्नति और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा हैं। यह सम्मेलन वैश्विक नवाचार को नई दिशा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। कांफ्रेंस सचिव डॉ. शंकर पटेल ने बताया की कांफ्रेंस में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि अपने नवाचारों और शोध-पत्रों को ओरल, पोस्टर तथा ऑनलाइन मोड मे प्रस्तुत करंगे।

## 'केंद्र के बजट में विकसित भारत का रोड़मेप'

**उदयपुर, (कासं)।** केंद्रीय पंचायती राज और मत्स्य पालन पशुपालन और डेयरी विभाग के राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत का रोडमेप है,इसमें उनका दूरदर्शी द्रष्टीकोण स्पष्ठ दिखाई दे रहा है ।

बघेल शुक्रवार को उदयपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय बजट 2025-.26 को विस्तृत रूप से व्याख्या करने हेतु बजट चर्चा एवं प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थ। केंद्रीय राज्य मंत्री ने खानवा के युद्ध से महाराणा प्रताप तक का इतिहास याद करते हुए कहा कि मेवाड़ वीर जनों की भूमि है यहां राणा सांगा,महाराणा उदय सिंह, महाराणा प्रताप,मां पन्नाधाय,रानी पद्मिनी एवं भामाशाह जैसे विरले व्यक्तित्व के इंसान पैदा हुए इस जमीन को मैं हृदय की गहराइयों से नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 -26 का बजट को सर्वव्यापी,सर्वस्पर्शी एवं सर्वाग्राही है। उन्होंने स्पष्ट किया कागजी पढ़ाई ही सब कुछ नहीं होती व्यक्ति का बुद्धिमान होना जरूरी, पहले स्वयं समझे फिर समझाएं तब जाकर महती योजनाएं जन.जन तक पहुंचेगी,उज्जवला गैस योजना को बारीकियो से समझाते हुए कहा कि मात्र आंकड़े बताने से जनता के समझ में नहीं आता।

## मातृभाषा दिवस मनाया

**देवगढ़, (निसं)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने बताया कि 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस मनाया बालक बालिकाओं ने कविता नाट्यय मंच व भाषण एवं शिक्षकों द्वारा वक्तव्य, प्राचार्य ने मातृभाषा का महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# पिम्स में हुई दुर्लभ सर्जरी

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने ब्रोंकोस्कोप का उपयोग कर ब्रोंकोलिथ हटाने की दुर्लभ सफल सर्जरी की है। पिम्स के चैयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों 65 वर्षीय पुरुष मरीज को रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में भर्ती किया गया। मरीज के बाएं निचले क्षेत्र में कंसॉलिडेशन था। थूक अनिर्णीत था इसलिए चिकित्सकों द्वारा ब्रोंकोस्कोपी की योजना बनाई गई। ब्रोंकोस्कोपी के दौरान बाएं मुख्य ब्रोन्कस की खोज करते समय, ब्रोन्कस के म्यूकोसा में एक पत्थर जैसा घाव दिखा, जिसे बायोप्सी फोरसेप्स का उपयोग करके हटाया गया । दुनिया भर में ब्रोंकोस्कोप का उपयोग करके ब्रोंकोलिथ को हटाने के कुछ ही मामले सामने आए हैं जिनमें से दो मामले पिम्स, उदयपुर के हैं। इस सफल सर्जरी में डॉ. रामकृष्ण (एचओडी), डॉ. मोहनन (एपी), डॉ. सानिध्य टांक (एपी), , डॉ. गौरांग सिंह राजपूत (जेआर-2), गिरिराज (एंडोस्कोपी तकनीशियन) और राहुल आदि (नर्सिंग स्टाफ) का योगदान रहा।

## सार-समाचार

### सिलाई मशीन वितरित की

**उदयपुर, (कासं)।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गांधी ग्राउण्ड में आयोजित संभाग स्तरीय अमृता हॉट मेले में भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय उदयपुर द्वारा महावीर इंटरनेशनल के तत्वावधान में व्यावसायिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 50 विधवा एवं एकल नारियों को सिलाई मशीन वितरण की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर कार्यालय को भी 25 व्हील चेयर प्रदान कर अस्पतालों में आने वाले दिव्यांगजनों के आवागमन को सुगम बनाने हेतु अपनी व्यावसायिक सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के क्रम में एक महत्वपूर्ण कदम बढाया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के उदयपुर अंचल प्रमुख एवं उपमहाप्रबंधक शशिनाथ मिश्र, क्षेत्रीय प्रबंधक उदयपुर लक्ष्मी धर, क्षेत्रीय प्रबंधक सिरोही मनीष भारद्वाज, अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश जैन, मुख्य प्रबंधक विजेंद्र सिंह एवं श्याम सुन्दर सोनी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक नीरज यादव, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अशोक आदित्य, महावीर इंटरनेशनल उदयपुर के पदाधिकारी तथा लाभार्थियों सहित 300 महिलाओं ने भाग लिया।

### मुर्गीपालन कौशल विकास प्रशिक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं अखिल भारतीय कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में झाड़ोल व फलासिया के स्वयं सहायता समूहों की 30 महिलाओं एवं गुडली के 40 कृषक परिवारों के लिए मुर्गीपालन व्यवसाय का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राजस्थान कृषि महाविद्यालय में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत 10 महिला समूहों के गठन के साथ ही उन्हें कृषि संबंधित विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। इस हेतु झाड़ोल व फलासिया में 10 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। परियोजना प्रभारी डॉ विशाखा बंसल ने बताया कि इन दो दिवस में महिलाओं को मुर्गीपालन व्यवसाय की बारीकियां जैसे कि मुर्गियों को दाना कब और कैसे देना, मुर्गियों का बाड़ा तैयार करना, टीकाकरण, अंडे एकत्रित करना आदि सिखाया गया। प्रशिक्षण में डॉ गजानंद, डॉ सुभाष, डॉ डी पी एस डूडी, देवीलाल मेघवाल, डॉ केसराम, डॉ मनोज आदि ने मुर्गीपालन की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूहों को आय संवर्धन से जोड़कर स्वावलंबी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### डॉ. पुष्कर शर्मा पुरस्कार से सम्मानित

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर निवासी डॉ. पुष्कर शर्मा को गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बेस्ट कॉरपोरेट लाइब्रेरियन के अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार "नोलेन ओर्गेनाजेशन इन एकेडमिक ला ब्रेरेरीज- इन्नोवेटिव ला ब्रेरी प्रेक्टिस इन डिजिटल ऐरा: एला निंग विद नेशनल एडुकेशन पोलिसी फॉर विकसित भारत 2047" विषय पर गोरखपुर में 20 से 22 फरवरी, 2025 तक आयोजित पुस्तकालय विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति प्रोफेसर पुनम टंडन तथा बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। उदयपुर के बड़गांव के मूल निवासी डा.पुष्कर वर्तमान में भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड के निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में उप महाप्रबंधक (पुस्तकालय) के पद पर कार्यरत हैं।

### आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन

**उदयपुर, (कासं)।** उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की ओर से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन बीएन पीजी कॉलेज परिसर में किया गया। उप निदेशक मुकेश गुर्जर ने बताया कि इस रोजगार सहायता शिविर में मेनकाईन्ड फार्मा, एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स, एसआईएस सिक्योरिटी, पायरोटेक इले.प्रा.लि., पीआ.ई इन्डस्ट्रीस प्रा.लि., माही ग्रुप, एक्सिस मैक्स लाईफ इंश्योरेन्स, एसआईएस सिक्योरिटी, गोल्डन फार्मा आदि 15 कम्पनियों द्वारा कुल 351 पदों पर आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया एवं अम्बूजा फाउन्डेशन हिन्दुस्तान जिंक कौशल केन्द्र द्वारा 11 आशार्थियों का कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया। शिविर में भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत सहित प्रो.महेन्द्र सिंह आगरिया, डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़, डॉ. रेणु राठौड़, डॉ. रजनी अरोड़ा, डॉ. शिल्पा राठौड़ा, डॉ. राजेन्द्र सिंह शक्तावत आदि उपस्थित रहे प्रारंभ में उपनिदेशक गुर्जर ने अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया।

### वार्ड 12 में कांग्रेस वरिष्ठ जनसम्मान

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ के नेतृत्व शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को वार्ड नंबर 12 में कांग्रेस वरिष्ठ जनसम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायकए पूर्व एवं निवर्तमान पार्षद,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता साथ रहे। कांग्रेस वरिष्ठ जनसम्मान कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का सम्मान कर स्थानीय वार्डवासियों के साथ मिलकर वार्ड स्तर की समस्याओं को जाना एवं उनके निराकरण हेतु नगर निगम अधिकारियों को अवगत करवाया। इस दौरान उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, संगठन महासचिव अरुण टाक, ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा, डॉ दिलीप सिंह चौहान, निवर्तमान पार्षद शंकर चंदेल, मंडल अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा, गजराज सिंह पंवार,भगवत सिंह सांखला मौजूद रहे।

### जलापूर्ति आज प्रभावित रहेगी

**उदयपुर, (कासं)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नगर उपखंड सप्तम में कालका माता टंकी का वाल्व खराब होने से 22 फरवरी को होने वाली जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ा दी गई है। नगर उपखण्ड के सहायक अभियंता ने बताया कि इससे प्रभावित क्षेत्र पंजाबी बाग, अरिहंत कॉलोनी, नाकोड़ा नगर ,नंदेश्वर कॉलोनी, गांधीनगर, न्यू आरटीओ आदि संबंधित क्षेत्र में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

### डीआरएम की बैठक 27 को

**उदयपुर, (कासं)।** उद्योग संबंधी विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की जिला स्तरीय समिति की बैठक 27 फरवरी की अपराह्न 3.30 बजे जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी समिति की सदस्य सचिव एवं जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा ने दी।

# बूट कैम्प 2025 एडीशन-2 फेज़-2 का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर में अखिल भारतीय शिक्षा परिशद, नई दिल्ली एवं शिक्षा मंत्रालय के मिनीस्ट्री ऑफ इनोवेन सेल के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय कार्यक्रम इनोवेशन, डिजाईन और एंटरप्रन्योशिप पर बूट केम्प-2025 एडीशन 2 फेस-2 का समापन हुआ। कार्यक्रम में देशभर के 14 राज्यों से 315 छात्रों ने 75 प्रोजेक्ट के साथ भाग लिया। पुरे भारत में कुल 12 नोडल सेंटरों का चयन किया गया था, जिसमें राजस्थान से केवल गिट्स को यह सम्मान प्राप्त हुआ। बुट केम्प के दौरान छात्रों ने अपने कौशल नवाचार और ज्ञान को साझा किया, जिससे न केवल उनके व्यक्तिगत विकास को बढावा मिला, बल्कि संस्थान को भी नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सम्मानित अतिथियों के रूप में दीपन साहु असिस्टेंट इनोवेशन डायरेक्टर, ए.आई.सी.टी.ई., शीनू जैन प्रोफेसर एल.एन.एम.आई.आई.टी. जयपुर (वाधवानी मास्टर ट्रेनर), सुब्रत साहु, स्टार्टअप फेलो, ए. आई.सी.टी.ई., डॉ. पी.के. जैन निदेशक, एम.बी.ए., गिट्स, डॉ. अलवर रमन, फोरमर साईटिंस्ट इसरो, लक्ष्मी रमन, एम. गणेश, नितिन पुरोहित, मोहम्मद अली भाटी, आषीश श्रीमाली, प्रफुल्ल शर्मा, रित्विक जोशी, वन्दना शाह महेश्वरी, वैभव जैन,

■ **कार्यक्रम में देशभर के 14 राज्यों से 315 छात्रों ने 75 प्रोजेक्ट के साथ भाग लिया**

आशुतोश सिंह, सौरभ सुमन, सौरभ वैशणव, दिषान्त जागेटिया, वेद शुक्ला, मोहित माहेश्वरी, राहुल जिंगर एवं मेघना राठौड उपस्थित हुए। संस्थान निदेशक डॉ. एस.एम. प्रसन्ना ने बताया कि यह बुट कैम्प के माध्यम से छात्रों को डिजाइन थिंकिंग, वित्तिय साक्षरता और इनवोषन व्यवसायीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को समझने और अपनाने का अवसर मिला।

इस कार्यक्रम से न केवल छात्रों के नवाचार कौशल को बढाने में सहायता मिली, बल्कि वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए भी नये समाधान खोजने में मदद मिलेगी। संयोजक डॉ. चिंतल पटेल ने बताया कि इस दौरान छात्रों ने "कस्टमर डिस्कवरी लैब" के माध्यम से उपभोक्ता व्यवहार और आवष्यकताओं का विष्लेशण किया तथा"लीन कैनवास" मॉडल का उपयोग कर अपने स्टार्टअप्स की प्रभावी रणनीती तैयार की। गिट्स के वित्त नियंत्रक बी.एल. जांगिड ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को सफल उद्यमी बनाने और भारत के विकास में योगदान करने के लिए कौशल प्रदान करना था।

# 'मीरां के बारे में भ्रांतियों को शोध के माध्यम से दूर करने की आवश्यकता'




दो दिवसीय मीरा महोत्सव को कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

**उदयपुर, (कासं)।** समाज में प्रचलित भक्तिमती मीरां की छवि पर पुनर्विचार की आवश्यकता है और उनकी रचनाओं को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है।

यह विचार शुक्रवार को यहां साहित्य अकादमी, नई दिल्ली और जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में शुरू हुए दो दिवसीय मीरां महोत्सव में उभर कर आई। मीरां महोत्सव के पहले दिन विद्वानों और

■ **राजस्थान विद्यापीठ की मेजबानी में दो दिवसीय मीरा महोत्सव का आगाज**

वक्ताओं ने मीरांबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर नए दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि अकादमी के अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रो. विजय बहादुर सिंह ने कहा कि मीरांबाई का जीवन जन सामान्य की तरह प्रतीत होता है, लेकिन वह चुनौतियों और संघर्षों से भरा असामान्य जीवन था। उन्होंने कहा कि राजप्रसाद में रहने के बावजूद मीरा ने उन भौतिक सुख-सुविधाओं को त्यागकर आत्मिक खोज और भक्ति का मार्ग अपनाया। उनकी कविताओं में संघर्ष की अभिव्यक्ति और असाधारण शक्ति है, जो उन्हें सामान्य मापदंडों से परे ले जाती हैं। राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने समाज में भ्रांतियों को दूर करने का आ ान करते हुए कहा कि संतों ने समाज को सकारात्मक दिशा दी और उनकी विचारधारा पथ प्रदर्शक रही है। उन्होंने कहा कि समाज में मीरां के बारे में व्याप्त भ्रांतियों को शोध के माध्यम से दूर करने की आवश्यकता है और इस दिशा में विश्वविद्यालयों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

साहित्य अकादमी की सामान्य परिषद के सदस्य प्रो. माधव हाड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि मीरां की वर्तमान छवि साहित्य और समाज में जेम्स टॉड द्वारा निर्मित है, जिसे हम अनजाने में अब तक दोहराते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीरां के आरंभिक 5-6 पदों को उनके अस्तित्व तक सीमित करने का प्रयास किया गया, जबकि उनकी रचनाओं में अपार गहराई है। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिम क्षेत्र और विश्वभर में मीरां के प्रति रुचि बढ़ रही है और उनकी शुद्ध स्मृतियों और रचनाओं पर नए दृष्टिकोण से अध्ययन की आवश्यकता है।

देवेंद्र देवेश ने अकादमी की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि विद्वानों और वक्ताओं को मीरांबाई के व्यक्तित्व को नए दृष्टिकोण से समझने के लिए निरंतर शोध करना होगा और नए शोधार्थियों को भी प्रोत्साहित करना होगा।

## फागोत्सव आज

**उदयपुर, (कासं)।** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तुलसीदास जी की सराय डबोक एयरपोर्ट रोड में निर्माणाधीन श्री श्याम मन्दिर प्रांगण में 22 फरवरी शनिवार को सायंकाल 7 बजे से खाटूश्यामजी की तर्ज पर श्याम फागोत्सव मनाया जा रहा है।

ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने बताया कि जयपुर से धमाल सम्राट भजन गायक मनीष गर्ग घी वाला अपने आठ वर्षीय पुत्र मास्टर रेहांश और टीम के साथ ढप चंग की थाप पर धमाल मचाने आ रहे है। सुविख्यात केमिताजी राठौड श्याम बाबा और भक्तों के साथ फूलों की होली खेलेंगी। इनके अलावा 10 और भजन गायक फागोत्सव भजनों से हाजरी लगायेंगे। खेतान के अनुसार पाण्डाल में अधिक से अधिक भक्त बैठकर भजनों का आनन्द ले सके ऐसी व्यवस्था की जा रही है। हिमांशु साउण्ड की मधुर ध्वनि, नीमच से उमेश म्यूजिकल ग्रुप, श्रृंगार दरबार सजाने के लिए सांवरिया डेकोरेटर जयपुर से आ गये हैं, जो दरबार को भव्य रुप देने मे जुटे हैं। दरबार के समक्ष खीर चूरमा तुलसी पत्र सहित छप्पन भोग प्रसाद धराया जायेगा।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान (SEIAA) EC IDENTIFICATION NO-EC24C0108RJ5387343N राज्य स्तरीय पर्यावरण के File No. RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/0454 दिनांक 18.02.2025 के द्वारा मैसर्स ए.एण्ड जे.सिसोदिया मिनरल्स एल.एल.पी.निकट ग्राम वजरून्दा तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द में स्थित खनन पट्टा संख्या 372/2011 वास्ते खनिज क्वार्ट्ज, फैल्सपार क्षैत्रफल 4.2120 हैक्टर के लिए जिला स्तर की कमेटी द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति का पुन: मुल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी(SEIAA) के द्वारा करवा लिया है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय व वेबसाईट (https://www.environment.Rajasthan.gov.in) एवं MOEF की वेबसाईट Parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

मैं.ए.एण्ड जे.सिसोदिया मिनरल्स एल.एल.पी.

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-परि/विज्ञप्ति/2024-25/

दिनांक:- 21.2.2025

**विज्ञप्ति**

इस कार्यालय में श्री हितेश पामेचा पिता स्व.श्री शान्तिलाल जी निवासी- भुवाणा उदयपुर (राज.) ने वाहन संख्या RJ 27-ME-6915 स्वामित्व हस्तान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र पेश किया है। उक्त वाहन इनके पिता स्व.श्री शान्ति लाल जी के नाम से पंजियन है। इस स्वामित्व हस्तान्तरण हेतु किसी को कोई आपत्ति हो तो मय सबूत 07 दिवस में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित हो, इस कार्यालय में पेश करे, अन्यथा उक्त वाहन श्री हितेश पामेचा के नाम स्वामित्व हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।

**जिला परिवहन अधिकारी उदयपुर (राज.)**

सार-समाचार

## स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली




**डूंगरपुर**, (निसं)। पीएम श्री महात्मा गांधी टाउन विद्यालय में शुक्रवार को पीएमश्री गतिविधियों के तहत एडीपीसी रणछोड डामोर के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर विपिन मीणा के मार्गदर्शन में डॉ.अंकित जैन चिकित्सा अधिकारी, डॉ. हर्षवर्धन सिंह. चिकित्सा अधिकारी, चांदनी मीणा, डिंपल खांट, टीना पाटीदार, सुमित्रा खराडी नर्सिंग स्टाफ एवं फार्मासिस्ट चिराग जैन द्वारा स्थानीय विद्यालय में हेल्थ कैंप चिकित्सा विभाग द्वारा लगाया गया, जिसके तहत् विद्यार्थियो द्वारा स्वास्थ्य जागरुकता रैली निकाली गई और विद्यालय में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों के स्वास्थ्य का चेकअप किया गया जिसमें विद्यार्थियों की लंबाई, ब्लड, शुगर, वजन, दांतों, एनीमिया आदि की जांच की गई।

## युवक ने की आत्महत्या

**डूंगरपुर**, (निसं)। सरोदा थाना क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। उसका शव घर से एक किलोमीटर दूर पानी की टंकी के एंगल से लटका हुआ मिला। वह पिछले एक साल से अहमदाबाद में मजदूरी कर रहा था। थानाधिकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने सरोदा डामोरवाडा निवासी मुकेश डोडियार का शव पानी की टंकी पर फंदे से लटका मिला। टंकी गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। मृतक के पिता मोगा डोडियार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुकेश पिछले एक साल से अहमदाबाद में मजदूरी करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सागवाडा अस्पताल में करवाया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बदमाशों ने की युवक की हत्या

**डूंगरपुर**, (निसं)। रामसागडा थाना क्षेत्र के डेडको का वेला गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने युवक की हत्या कर दी। युवक का लहूलुहान हालत में शव गांव के पास पुलिया के नीचे मिला है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले के रामसागडा थाने के एएसआई ने बताया कि थाने पर फोन के जरिए सूचना मिली थी कि डेडको का वेला गांव के पास पुलिया के नीचे एक लहूलुहान हालत में शव पडा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। शव पर चोट और घाव के निशाने थे। वहीं मृतक की पहचान अमरपुरा गांव निवासी काऊडा पारगी के रूप में की। जिस पर पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। युवक के पिता नानिया पारगी ने बताया कि कल रात को 10 बजे उसका बेटा घर से निकला था। उसके बाद घर नहीं लौटा था। पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मॉर्चुरी पहुंचाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**देवगढ़**, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय डाला का खेड़ा खंड देवगढ़ के संयुक्त तत्वाधान मे सीएमएचओ डॉ हेमंत कुमार बिंदल के निर्देशानुसार तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला कार्यक्रम अधिकारी हार्दिक जोशी ने तम्बाकू के दुष्प्रभावों एवं कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी दी और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का आठाह किया। एन ओ एच पी कार्यक्रम के डेंटल असिस्टेंट कैलाश बिंवाल ने ओरल हेल्थ की जानकारी दी।दोनों प्रतियोगिताओं मे बेस्ट पांच चित्र मे एवं पांच निबंध मे विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित गए। कार्यक्रम मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा लाल जाट एवं शारीरिक शिक्षक श्रवण खटीक, अध्यापिका पार्वती मौजूद रहे।

## नवनिर्माण कार्य का लिया जायजा

**डूंगरपुर**, (निसं)। नगर परिषद् सभापति ने शहर के वार्डो में चल रहें निर्माण कार्य का परिषद् के अधिकारियों के साथ जायजा लिया। शुक्रवार को वार्ड नं. ०2 नवाडेरा में और वार्ड नं.39 इंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में निर्माण कार्य का जायजा लेकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। एवं सभापति ने कहा की वार्ड के रहवासियों को जल्द ही सामुदायिक भवन की सौगात मिलेगी। इस भवन का निर्माण नगर परिषद् डूंगरपुर द्वारा किया जा रहा है। इसके बनने से रहवासियों को आयोजनों के लिए निजी भवनों एवं गार्डन्स किराए पर नहीं लेना पडेगा और सामुदायिक भवन बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। जिसमें लोग विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। नवाडेरा में सामुदायिक भवन के पास महिला स्नान घर भी बनाया जा रहा है जिससे महिलाओ को सुविधा मिल सके। वही सभापति ने कहा की वार्ड नं.०2 नवाडेरा में और वार्ड नं. 39 इंद्रा कॉलोनी के रहवासियों को सामुदायिक भवन की सौंगात मिलेगी। मौके पर उपसभापति सुदर्शन जैन, पार्षद डायालाल पाटीदार, नगरपरिषद के सहायक अभियंता भकतेश पाटीदार, कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने बच्चों के साथ भोजन कर मिड डे मिल की गुणवत्ता जांची

**राजसमंद**, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शुक्रवार को दौवडा ग्राम पंचायत जाते हुए मार्ग में राउमावि पनोतिया में रुककर बच्चों के साथ मिड-डे मिल का भोजन ग्रहण कर गुणवत्ता देखी। कलक्टर को अचानक बीच में पाकर विद्यालय स्टाफ भी हैरान रह गया तो वहीं बच्चों में उत्साह की लहर दौड गई। कलक्टर से मिलने के लिए बच्चें भी एक-एक कर उमड पडे।

कलक्टर असावा ने स्कूल की रसोई में पहुंच कर भोजन तैयार करने की प्रक्रिया को देखा, साथ ही भोजन में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणवत्ता भी देंखी। इसके बाद बच्चों के साथ ही कतार में बैठ कर जिला कलक्टर ने भोजन ग्रहण किया और गुणवत्ता पर संतोष जाहिर किया। कलक्टर ने विद्यालय के शौचालय का भी अवलोकन किया और सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। कलक्टर ने बच्चों को जीवन में सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

■ मिड डे मिल के भोजन में निरंतर सुनिश्चित हो गुणवत्ता, बच्चों को मिले पौष्टिक भोजन : कलेक्टर



राजसमंद के राउमावि पनोतिया में बच्चों के साथ भोजन ग्रहण कर भोजन के गुणवत्ता की जांच करते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा।

उन्होंने बच्चों को बताया कि कडी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। बच्चों में अपने सपनों को साकार करने की एक नई ऊर्जा दिखाई दी, जब किसी बच्चें ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, तो कलक्टर ने उन्हें बताया कि यह पेशा समाज सेवा का सबसे उच्चतम रूप है और इसके लिए निरंतर संघर्ष करना पडता है।

इसी तरह जब किसी अन्य बच्चें ने आईएएस अधिकारी बनने की ख्वाहिश जाहिर की, तो कलक्टर ने कहा कि इस दिशा में मेहनत और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सबसे बडा हथियार है, जिसके द्वारा हम अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। उनका यह प्रेरणादायक संवाद बच्चों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा था और बच्चों ने अपने भविष्य के प्रति एक नई उम्मीद और जोश के साथ अपनी दिशा निर्धारित करने का संकल्प लिया।

## यूनिफार्म बांटी

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय के तत्वाधान में चल रहे पांच दिवसीय अनुसुचित जाति व अनुसुचित जनजाति के बालक-बालिकाओं को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर ने कहा कि स्काउट गाइड पुर्ण मनोयोग से सेवा कार्य करता है। इसी वजह से प्रत्येक मंच पर आप जैसे बालक-बालिकाओं की सेवाएं ली जाती है। सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि जिला स्तरीय अनुसुचित जाति व जनाजति स्काउट गाइड तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि एडीएम नरेश बुनकर ने बालक बालिकाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान एडीएम बुनकर का सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश टांक व स्थानीय संघ सचिव धर्मेन्द्र गुर्जर ने ईकलाई, पगडी व सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## ममता में दम है तो वह एक बार मुस्लिम धर्म पर कटाक्ष कर देखे,उन्हें पता चल जाएगा : बघेल

**उदयपुर**, (कासं)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने शुक्रवार को उदयपुर में बड़ा बयान देते हुए कहा कि ममता में यदि दम है तो एक बार मुस्लिम धर्म पर कटाक्ष कर देखे,उन्हें पता चल जायेगा ।

केंद्रीय डेयरी और पंचायती राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने शुक्रवार को उदयपुर में मीडिया से रूबरू होते हुए ममता और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। बघेल ने कहा कि हिंदू धर्म सहिष्णु है और इसलिए इस पर कोई भी कुछ भी बोल देता है। केन्द्रीय मंत्री एसपी बघेल ने कहाकि ममता बनर्जी और उनके चाहने वाले सभी नेता एक बार मुस्लिम समाज के सुन्नत, कलमा,नमाज रोजा या फिर हज के बारे मे कोई भी बोल कर दिखा दे तो उन्हे पता चल जाएगा किसी धर्म के खिलाफ बोलना कितना कठिन होता है यह पता चल जाएगा। दरअसल ममता बनर्जी ने पिछले दिनों महाकुंभ में हुई घटनाओं को लेकर महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा था। उसके बाद बयानबाजी का नया दौर शुरू हो गया और अलग-अलग नेताओं ने इसकी निंदा करते हुए इस तरह के बयान नहीं देने का आव्हान किया।

बघेल ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए केन्द्र सरकार के बजट पर अपनी बात रखी। केंद्रीय बजट को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट से पहले ही विपक्ष के नेता एक प्रेस नोट बना देते है। उसमें लिखते है कि यह बजट किसान विरोधी, छात्र विरोधी, महिला विरोधी, आदिवासी विरोधी है। बस इतना सा कहते है कि मेरी तो फ्लाइट है लेकिन बजट से पहले नहीं बाद में इसे वायरल कर देना। पूरा विपक्ष इसे नकारात्मक बताते है, ऐसा कैसे हो सकता है। सही बात यह है कि इस बार के बजट को सराहा है।

हालांकि इस दौरान केन्द्रीय मंत्री बघेल से ममता बनर्जी की ओर से दिए गए बयान पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि किसी के घर में शादी होती है और 100 से अधिक बराती आ जाते है तो वहां पर कई प्रकार की अव्यवस्थाएं हो जाती है। यहां पर 53 करोड लोगों के लिए व्यवस्थाएं करना बड़ी बात है। इंडी गठबंधन की सभी पाटिर्यों का सनातन धर्म के लिए बयानबाजी करना कोई नई बात नही है। चाहे कांग्रेस पार्टी हो या फिर आम आदमी पार्टी या फिर आरजेडी सभी पार्टियां हिंदू धर्म को टारगेट करने का काम करती है।

सार-समाचार

## परिवेदनाओं का निस्तारण करने के निर्देश

**डूंगरपुर**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड अध्यक्षता में गरूवार को पंचायत समिति दोवडा के ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा में रात्रि चौपाल की। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में आयोजित रात्रि चौपाल में बडी संख्या में ग्रामीण अपनी परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हुए। अतिरिक्त जिला कलक्टर धाकड ने आत्मीयतापूर्वक परिवेदनाओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में कृषि विभाग के अधिकारी ने तारबंदी योजना, सिंचाई के लिए पाइपलाइन योजना, फव्वारा सिंचाई योजना, कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने निःशुल्क दवाई योजना, मॉ वाउचर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जीवन रक्षक योजना, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी गई। इसी प्रकार शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, रसद विभाग, जलदाय विभाग, पंचायती राज विभाग सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड ने उपस्थित आमजन से राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। रात्रि चौपाल में हेण्डपम्प लगवाने, निजी एवं सार्वजनिक कुओं की स्वीकृति करवाने, नल कनेक्शन जांच करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत स्वीकृत आवास की राशि का भूगतान करवाने, अधूरी सीसी सडक एवं रींगवाल कार्य पूर्ण करवाने, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करवाने, मोदरा आगनवाडी भवन निर्माण अधूरा होने, मेन रोड से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक डामरीकरण करवाने, हर-घर नल कनेक्शन योजना के तहत एसडीपी पाईप लगवाने, पीएम किसान योजना के तहत लाभ नहीं मिलने सहित अन्य परिवेदनाएं प्रस्तुत की।

## चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

**डूंगरपुर**, (निसं)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा चलाये जा रहे अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान कार्यक्रम 2.० बालश्रम उन्मूलन कि दिशा में एक कदम बचाव अभियान के अंतर्गत बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने डूंगरपुर जिले में 13 से 16 साल के बच्चों को डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा क्षेत्र में विभिन्न होटलों व ऑटो गैराज पर बालश्रम कर रहे बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में केश सुपरवाइजर अनिता भील व बलदेव परमार ने जिले में बालश्रम कर रहे बच्चों का चिन्हिकरण कर इसकी सूचना पुलिस व संबंधित विभाग को दी। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन, एचटीयू पुलिस,श्रम विभाग व सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा रतनपुर हाइवे पर जय चितौड भोजनालय दाल बाटी से एक बालकए सागर टायर सर्विस सेंटर से एक बालक ए न्यू जय किसान ढाबा से एक बालक व जय भवानी पंजाबी ढाबा से एक बालक को बालश्रम से मुक्त करवाते हुए कुल 4 बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। इन बच्चों की अग्रिम सहायता के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन, सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से बच्चों को अग्रिम आदेश तक राजकीय किशोर गृह में अस्थाई आश्रय प्रदान किया गया। साथ ही बाल कल्याण समिति द्वारा नियोक्ता के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## यंग स्टार व कपिल क्लब रहे विजेता

**डूंगरपुर**, (निसं)। शहर के लक्ष्मण मैदान पर चल रही 5० वीं टोनी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को पहला मुकाबला सांवरिया डीजे एवं यंग स्टार इलेवन के बीच खेला गया। सांवरिया डीजे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 पर ऑल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक गौरव पाटीदार ने 30 रन आदित्य पाटीदार ने नाबाद 23 रन बनाए गेंदबाजी में संस्कार ने चार विकेट व सलीम ने तीन विकेट लिए जवाब में यंग स्टार इलेवन ने 7 विकेट के नुकसान पर आवश्यक रन बना लिए जिसमें सर्वाधिक राकेश ने 25 रन अमन सिंह ने 17 रन का योगदान दिया गेंदबाजी में आशीष भजात ने तीन विकेट संजय पाटीदार ने दो विकेट लिए मैन ऑफ दी मैच सलीम रहे।

# निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा**, (निसं)। गुण नियंत्रण एवं सतर्कता जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता डीआर मीणा ने दो दिवसीय दौरे के दौरान जिले में विभिन्न कार्यो का निरीक्षण किया। मीणा ने निमार्णाधीन अपर हाई लेवल केनाल के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो का निरीक्षण किया।

ग्राम कडेलिया के पास निमार्णाधीन टनल कार्य के निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को टनल निर्माण को सुरक्षात्मक तरीके से माप दण्ड अनुसार आवश्यक उपकरण एवं श्रमिको की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य समय पर सम्पादित करने के निर्देश दिये। मीणा ने ग्राम नवागांव के समीप निमार्णाधीन एक्वाडक्ट के कार्य के लिये फर्म को निर्देश देते हुए बैसिंग प्लाट गणाउ के समीप लेबोरेटरी का निरीक्षण भी किया एवं संवेदक के प्रतिनिधि एवं परियोजना के अभियंताओ को निर्माण कार्य मापदण्डानुसार एवं गुणवता अनुरूप एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही आनंदपुरी क्षेत्र के थापडा एनिकट एवं कमांड एरिया में निमार्णाधीन वाटर कोर्स का भी निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस महत्वपुर्ण परियोजना में चल रहे सभी कार्य जनता के लिए भविष्य में लाभदायक साबित हो इस प्रकार निर्माण किया जाये। उन्होंने निर्माण के लिये उपयोग में ली जाने वाली सामग्री का विभागीय प्रयोगशाला में जांच कराने के पश्चात ही उपयोग में लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान माही परियोजना अधीक्षण अभियंता निर्माण वृत आरसी मीणा, गुण नियंत्रण खण्ड बांसवाडा अधिशाषी अभियंता एचएल दांतला एवं अपर हाई लेवल केनाल परियोजना प्रथम बांसवाडा अधिशाषी अभियंता कमलेश कुमार मीणा आदि मौजूद रहे।

# रोजगार सहायता शिविर में 683 आवेदकों का हुआ चयन

**बांसवाड़ा**, (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय मॉडल केरियर सेंटर की ओर से नूतन स्कूल ग्राउंड में आयोजित रोजगार सहायता शिविर में बांसवाडा एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 1903 आवेदकों ने भाग लिया जिनमें से लगभग 683 आवेदकों का शिविर के माध्यम से प्राथमिक चयन किया गया एवं 187 का स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने शिविर में नियोजकों से रिक्तियों से संबंधित जानकारी ली।

■ अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल ने शिविर में नियोजकों से रिक्तियों से संबंधित जानकारी ली




बांसवाडा में आयोजित रोजगार सहायता शिविर का अवलोकन कर नियोजकों से जानकारियां लेते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव।

जिला रोजगार अधिकारी केआर मेघवाल ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की गुजरात, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की लगभग 27 कम्पनियों ने 6700 पदों जैसे मशीन ऑपरेटर, डिजल मैकेनिक, फिटर, सेल्स एंडमार्केटिंग, सेल्स एक्जीक्यूटिव, इंश्योरेंस एजेन्ट, सिक्योरिटी गार्ड, फील्ड एक्जीक्यूटिव, आफीसर, टेलीकॉलर, रिलेशनशिप आफीसर, ट्रैनी, सुरक्षा जवान, डाटा एन्ट्री आपरेटर, लेक्चरर इत्यादि पदों पर 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, एवं अन्य प्रोफेशनल कोर्सेस उत्तीर्ण आवेदकों की भर्तियां की गई। जिसमें बजाज आलयांज द्वारा 39, माही ग्रुप ऑफ एज्युकेशन द्वारा 5, आरएसडब्लयुएम लोधा द्वारा 52, आईआईएफएल द्वारा 6, चेकमेट द्वारा 17, स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस द्वारा 35, कॉसमॉस द्वारा 59, एसआईएस द्वारा 12, एसबीआई लाइफ द्वारा 55, बांसवाडा सिंटेक्स द्वारा 60, एनबीसी ग्रुप द्वारा 52, एयु स्मॉल द्वारा 53, पीएम इंटरप्राइसेस द्वारा 56, एलआईसी द्वारा 32, मदरसन ऑटोमेटीव द्वारा 39,, मदरसन सुमी द्वारा 26, आर्म ग्रुप द्वारा 37,एनलीवन सॉल्युशन द्वारा 28, सीवी क्रेडिटलाईन द्वारा 6, आईआईएसडी द्वारा 8 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिये स्टेप एकेडमी द्वारा 51, सीपेट द्वारा 38 एवं श्रीराम हाइटेक द्वारा 40, गायत्री कंप्युटर एडयुकेशन द्वारा 40 एवं डीडीयु द्वारा 18 आशार्थियों चयन किया गया। शिविर में सहायक प्रोग्रामर आसिफ खान, विनोद चौधरी जिला कौशल समन्वयक, रमनलाल त्रिवेदी, अशोक कुमार चरपोटा, कांता मईडा ने सहयोग प्रदान किया। साथ ही जिला रोजगार कार्यालय में इंटर्नशीप कर रहे इंटर्न एवं आईटीआई स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का किया निरीक्षण

**राजसमंद**, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने एमडी, बिनौल और दौवडा ग्राम पंचायतों में भारत सरकार की योजना एग्रीस्टैक के तहत आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया और मौके पर ही किसानों को 11 अंकों की यूनिक आईडी के प्रमाण पत्र वितरित किए जिस पर किसानों की खुशी का ठिकाना न रहा।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर असावा ने ग्रामीणों से शिविर में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया और किसानों को उनकी 11 अंकों की यूनिक आईडी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए कार्मिकों से भी चर्चा की। शिविर में प्रधानमंत्री वय वंदना योजना पंजीयन, आयुष्मान ई-केवाईसी, पेंशन सत्यापन आदि कार्यों का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान कलक्टर ने निर्देश दिए कि एक भी पात्र किसान एग्रीस्टैक योजना से वंचित न रहे और सभी का पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी दौवडा में ग्रामीणों में राजकीय विद्यालय में ट्यूबवेल नहीं चलने, विद्यालय मैदान में जलभराव की समस्याएं बताई। इसी तरह बसंतीबाई पति सुखलाल ने आवास नहीं होने की समस्या से कलक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने मौके पर ही उपखंड अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए।

UCWL UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED

**उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड**

(सीआईएनः L26943RJ1993PLC007267)

**पंजीकृत कार्यालयः** श्रीपति नगर, सीएफए, पीओः डबोक, उदयपुर-313 022 (राजस्थान)

**सेक्रेटेरियल कार्यालयः** गुलाब भवन, तृतीय तल (पिछला ब्लॉक), 6ए, बहादुर शाह जफर मार्ग,नई दिल्ली-110002

ईमेलः ucwl.investors@jkmail.com, वेबसाइटः www.udaipurcement.com

फोनः +91-011-68201862 फैक्सः +91-294-2655077

**कम्पनी योजना आवेदन सीए (सीएए) संख्या 01/230-232/जेपीआर/2025**

...समामेलक कम्पनी संख्या 1

**असुरक्षित लेनदारों एवं इक्विटी शेयरधारकों की एनसीएलटी द्वारा आयोजित बैठकों के संबंध में सूचना की जानकारी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी योजना आवेदन सीए (सीएए) संख्या 01/230-232/जेपीआर/2025 (सामूहिक रूप से 'आदेश' के रूप में संदर्भित) में पारित आदेश दिनांकित 28 जनवरी, 2025 के साथ पठित आदेश दिनांकित 04 फरवरी, 2025 के द्वारा जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड (आवेदक संख्या 1/समामेलित कम्पनी), उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड (आवेदक संख्या 2/समामेलक कम्पनी संख्या 1), हंसदीप इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडिंग कम्पनी लिमिटेड (आवेदक संख्या 3/समामेलक कम्पनी संख्या 2) एवं हाईड्राइव डेवलपर्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आवेदक संख्या 4/समामेलक कम्पनी संख्या 3) और उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के बीच मध्य समामेलन और व्यवस्था की योजना ('योजना') को अनुमोदित करने हेतु, माननीय राष्ट्रीय कम्पनी ट्रिब्यूनल, जयपुर स्थित बेंच ('एनसीएलटी') ने, योजना पर विचार करने तथा यदि उचित समझा जाए तो संशोधन सहित या बिना संशोधन(ओं) के अनुमोदन करने के उद्देश्य से, समामेलक कम्पनी संख्या 1 के इक्विटी शेयरधारकों एवं असुरक्षित लेनदारों एवं इक्विटी शेयरधारका की एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है।

उक्त आदेश के अनुपालन में एवं उसमें उक्त निर्देशानुसार, समामेलित कम्पनी के असुरक्षित लेनदारों की एक बैठक शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिस समय समामेलक कम्पनी संख्या 1 के उक्त असुरक्षित लेनदारों से उक्त बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया जाता है। समामेलक कम्पनी संख्या 1 के इक्विटी शेयरधारकों की एक अलग बैठक शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 को 12:30 बजे अपराह्न (भारतीय मानक समय) वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिस समय समामेलक कम्पनी संख्या 1 के उक्त इक्विटी शेयरधारकों से उक्त बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त बैठकें कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय (एमसीए), भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020; परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 तथा परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांकित 19 सितम्बर, 2024 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 एवं परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर, 2024 के अनुपालन में आयोजित की जाएँगी।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 और 102 के साथ पठित कम्पनी (समझौते, व्यवस्था (ठहराव) और समामेलन) नियम, 2016 के नियम 6 के अंतर्गत योजना एवं सूचना तथा उसके व्याख्यात्मक कथन (प्रासंगिक अनुबंधों सहित) (सामूहिक रूप से 'सूचना' के रूप में संदर्भित) की प्रतियाँ समामेलक कम्पनी संख्या 1 के असुरक्षित लेनदारों और इक्विटी शेयरधारकों को समामेलक कम्पनी संख्या 1/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') के साथ उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएँगी। इसके अतिरिक्त, ऐसे असुरक्षित लेनदारों और इक्विटी शेयरधारकों – जिनके ईमेल पते समामेलक कम्पनी संख्या 1 के रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं हैं – को भी पत्र भेजे जाएँगे जिसमें वीसी/ओएवीएम और वेबलिंक के माध्यम से बैठक में सम्मिलित होने का दिन, तारीख, समय एवं अन्य विवरण शामिल हैं, जिसमें सटीक पथ भी शामिल है, जहाँ प्रस्तावित बैठक में पारित किए जाने वाले प्रस्ताव सहित सूचना के पूर्ण विवरण के साथ-साथ इसके व्याख्यात्मक कथन और संबंधित अनुबंधों तक ऐसे असुरक्षित लेनदारों और इक्विटी शेयरधारकों द्वारा पहुँचा जा सकता है। उपरोक्त के अतिरिक्त, पत्रों में एक क्यूआर कोड भी होगा जिसके माध्यम से संबंधित असुरक्षित लेनदार/इक्विटी शेयरधारक सीधे संपूर्ण सूचना तक पहुँच सकते हैं। सूचना समामेलक कम्पनी संख्या 1 के पंजीकृत कार्यालय भी उपलब्ध होगी और बैठकों की तारीख से पहले निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। यह सूचना उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड (www.udaipurcement.com) की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी और बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हो सकती है।

समामेलक कम्पनी संख्या 1 अपने सभी असुरक्षित लेनदारों एवं इक्विटी शेयरधारकों को बैठकों की सूचना में निर्धारित प्रस्ताव पर अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई-वोटिंग') प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, समामेलक कम्पनी संख्या 1 बैठकों के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा ('ई-वोटिंग') प्रदान कर रही है। असुरक्षित लेनदारों एवं इक्विटी शेयरधारकों [जिनमें वे इक्विटी शेयरधारक भी शामिल हैं जो भौतिक रूप में शेयर प्रतिरक्षित करते हैं या जिन्होंने समामेलक कम्पनी संख्या 1/डीपी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं] द्वारा रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठकों में भाग लेने की विस्तृत प्रक्रिया बैठकों की सूचना में प्रदान की जाएगी।

**एनसीएलटी द्वारा आहूत बैठक की सूचना सहित वक्तव्य और संबंधित अनुलग्नकों प्राप्त करने हेतु ईमेल पता तथा बैंक खाता विवरण ('केवाईसी') पंजीकरण/अद्यतन करने की प्रणालीः**

ए) **भौतिक रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले इक्विटी शेयरधारकों हेतुः** कृपया कम्पनी के आरटीए (एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, 179-180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज -1, नई दिल्ली-110020; फोन नंबर 011-41406149/41406150/41406151 एवं ईमेलः admin@mcsregistrars.com) को दिनांक 07 मई, 2024 के सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/37 के अनुसार निर्धारित फॉर्म आईएसआर-1 में आवश्यक विवरण प्रदान करें। उक्त परिपत्र में अनुमत तरीकों से। इक्विटी शेयरधारक समामेलक कम्पनी संख्या 1 की वेबसाइट https://udaipurcement.com/information-to-shareholders/ पर उपलब्ध उक्त फॉर्म अभिगमित कर सकते हैं।

(बी) **डीमैट रूप में प्रतिरक्षित शेयरः** कृपया अपने डीपी से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपने डीमैट खाते में अपने केवाईसी विवरण को पंजीकृत/अद्यतित करें।

(सी) **असुरक्षित लेनदारः** जिन असुरक्षित लेनदारों की ईमेल आईडी समामेलक कम्पनी संख्या 1 के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे पुनः अनुरोध है कि वे vendorpayment.ho@jkmail.com पर लिखकर अपनी ईमेल आईडी समामेलित कम्पनी के साथ पंजीकृत करवा लें।

इक्विटी शेयरधारकों एवं असुरक्षित लेनदारों से अनुरोध है कि वे बैठकों की सूचना में दिए गए सभी टिप्पणियों को ध्यान से पढ़ें, जिसमें बैठकों में सम्मिलित होने के निर्देश तथा बैठकों के दौरान रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया शामिल है। किसी भी सहायता के लिए कृपया समामेलक कम्पनी संख्या 1 को उसके सचिवालय कार्यालय में लिखें।

कृते उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड
हस्ताक्षर
पूनम सिंह
कम्पनी सचिव

दिनांकः 21 फरवरी 2025
स्थानः नई दिल्ली



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता की सरकार है और हमारा एकमात्र ध्येय जनता की सेवा है, ऐसे में विधायक मुखर होकर काम करें।

# 'हैरिटेज, नाइट, ग्रामीण व ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट के लिये बजट में प्रावधान किये गये हैं'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने विधायक दल की बैठक में मंत्रियों को अगले दो दिन जिलों में जाने के निर्देश दिये

■ मुख्यमंत्री ने विधायकों को भी अपने क्षेत्र में कई बार बजट घोषणाओं का प्रचार-प्रसार करने व आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के लिये कहा।

जयपुर, 21 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में विधायक दल की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने विधायकों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए जनकल्याणकारी एवं शानदार बजट प्रस्तुत किया गया है। हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। हम सभी को यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बजट घोषणा का जमीन पर लाभ आमजन को मिले। शर्मा ने कहा कि आगामी 2 दिन (शनिवार-रविवार) सभी प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव अपने प्रभार वाले जिलों में जाएंगे तथा बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि विधायक भी अपने क्षेत्रों में रहकर बजट घोषणाओं का प्रचार-प्रसार करें तथा आमजन की समस्याओं का निस्तारण भी करें। उन्होंने विधायकों को स्पष्ट तौर पर कहा कि हमारी सरकार जनता की सरकार है और हमारा एकमात्र ध्येय जनता की सेवा है, ऐसे में विधायक मुखर होकर काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए चार लाख सरकारी नौकरियों के वादे को पूरा करने की दिशा में आगामी वर्ष में सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां निकाली जायेंगी तथा निजी क्षेत्र में भी आगामी वर्ष में डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहली बार ग्रीन बजट पेश किया गया है। इस बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ा कर 9 हजार रूपए करने, गेहूं के एमएसपी पर 150 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में बीमित पशुपालकों की संख्या को दोगुना करने सहित, विभिन्न घोषणाएं की गई हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए हेरिटेज पर्यटन, नाइट टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन, ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित करने के लिए बजटीय प्रावधान भी किये गये हैं। इस दौरान, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, मंत्रीगण तथा विधायकगण मौजूद थे।

# ब्यावर में अवैध खनन पर 2.82 करोड़ रूपए का जुर्माना

ब्यावर, 21 फरवरी (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत के निर्देशानुसार, अवैध खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के तहत खनिज विभाग ने ग्राम रावतमाल, तहसील ब्यावर,

■ जिला प्रशासन तथा खनन विभाग की सख्त कार्यवाही से अवैध खनन पर अंकुश लगेगा।

जिला ब्यावर में स्थित खनन पट्टा संख्या 311/2007 (खनिज क्वार्ट्ज एवं फेल्सस्पार) का औचक निरीक्षण एवं सर्वे किया।? निरीक्षण के दौरान, मौके पर खनन कार्य बंद पाया गया, लेकिन पट्टा क्षेत्र में तीन खनन पिट्स मिले, जिनकी पैमाइश करने पर पता चला कि इन पिट्स से लगभग 21,341 टन खनिज का उत्खनन किया जा चुका है। खनिज विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, पट्टाधारी मैसर्स मातृपिता अर्थ प्रोडक्ट द्वारा अब तक कुल 44,877 टन खनिज का निर्गमन किया गया था, जबकि सर्वेक्षण में पाया गया कि खदान से मात्र 21,341 टन खनिज ही निकाला गया था। इससे स्पष्ट होता है कि पट्टाधारी ने खनन क्षेत्र का दुरुपयोग कर अन्य अवैध स्रोतों से प्राप्त खनिज का निर्गमन किया है। इस अनियमितता को ध्यान में रखते हुए पट्टाधारी के विरुद्ध रवन्ना दुरुपयोग का केस बनाकर दो करोड़ बयासी लाख तैंतालीस हजार एक सौ अट्ठाईस रुपये की मांग हेतु नोटिस जारी किया गया है एवं अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन पर अंकुश लगने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है।

## 'दिल्ली रेलवे ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यात्रियों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। तभी स्पेशल ट्रेनों के लेट होने और प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा के चलते स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 15 लोग घायल हुए थे।

# पुष्कर नगर परिषद का जेईएन 2 लाख रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ जेईएन ने रूपये अपने चचेरे भाई को दिलाये और वो मौके से रिश्वत की राशि लेकर फरार हो गया।

पुष्कर/अजमेर, 21 फरवरी (कासं)। अजमेर के पुष्कर उपखंड में शुक्रवार को भीलवाड़ा एसीबी ने ट्रैप की कार्यवाही करते हुए, पुष्कर नगर परिषद में कार्यरत जूनियर इंजीनियर रामनिवास मीणा को गिरफ्तार किया। आरोपी जेईएन रामनिवास मीणा ने टेंडर प्रक्रिया में बिल पास करने की एवज में 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। सूत्रों के अनुसार रिश्वत की राशि आरोपी का रिश्तेदार लेकर फरार हो गया है। एसीबी की टीम फरार रिश्तेदार की तलाश में जुटी है। दूसरी टीम नगर परिषद से मामले से जुड़ी जानकारियां एकत्र कर रही है। एसीबी अधिकारी आरोपी से पूछताछ में जुटे हैं।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा प्रथम ने शुक्रवार को पुष्कर में कार्रवाई की। टीम ने जेईएन रामनिवास मीणा पुत्र रतीराम मीणा, जो दौसा जिले के खेड़लीकला गांव का निवासी है, और नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर में कनिष्ठ अभियंता है, को गिरफ्तार किया। उसने परिवादी से पुष्कर नगर परिषद क्षेत्र में किए गए कार्यों के भुगतान बिलों पर हस्ताक्षर करने तथा बिल आगे एईएन व कमिश्नर को फॉरवर्ड करने के लिये वर्तमान बिलों तथा पूर्व में भुगतान हो चुके बिलों की कुल राशि का दस प्रतिशत मांगा। यह कुल राशि 20.83 लाख रुपए थी, इसलिए उसने दो लाख मांगे थे। यही नहीं, उसने एईएन मुकेश चौहान के लिए भी 5 प्रतिशत राशि (60 हजार) मांगी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि मांग सत्यापन के बाद, 16 फरवरी को रामनिवास ने 2 लाख रूपये रिश्वत स्वयं ली तथा 50 हजार रुपए सहायक अभियंता मुकेश चौहान को दिलवाए, जो स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर में एपीओ हैं। रामनिवास मीणा ने शुक्रवार को रिश्वत राशि के साथ परिवादी को पुष्कर बुलाया तथा रिश्वत राशि अपने चचेरे भाई महेश मीणा को दिलवाई, जो रिश्वत की राशि लेकर भाग गया। एसीबी टीम और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी भीलवाड़ा प्रथम को शिकायत मिली थी कि परिवादी से कार्यों के भुगतान से संबंधित बिलों पर हस्ताक्षर करने और आगे एईएन व कमिश्नर को फॉरवर्ड करने के लिए 2.60 लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। इस पर एसीबी अजमेर रेंज के उपमहानिरीक्षक कालुराम रावत के सुपरविज़न में एसीबी भीलवाड़ा टीम के पारसमल उप अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा प्रथम ने ट्रैप कार्यवाही की।

# दो -भाषा नीति का पालन करेगा तमिलनाडु

■ तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को दो टूक जवाब दिया।

चेन्नई, 21 फरवरी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यानी कि एनईपी से जुड़े विवादों के बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर हमला करने को लेकर डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने बड़ा बयान दिया है। उदयनिधि ने शुक्रवार को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर पलटवार करते हुए कहा कि तमिलनाडु सिर्फ 'दो-भाषा' नीति का पालन करेगा और वह हमेशा से 'तीन-भाषा नीति का विरोध करता रहा है'। उन्होंने कहा कि राज्य केंद्र से केवल अपने द्वारा दिए गए टैक्स में से अपना जायज़ हक मांग रहा है।

उदयनिधि ने कहा, 'हम अपना हिस्सा, करीब 2150 करोड़ रुपये मांग रहे हैं। केंद्र चाहता है कि हम एनईपी और 'तीन भाषा' नीति को स्वीकार करें। तमिलनाडु हमेशा से तीन भाषा नीति का विरोध करता रहा है, इसलिए इसमें राजनीति करने की क्या बात है? शिक्षा तमिलों का अधिकार है, कृपया समझें कि राजनीति कौन कर रहा है।' इससे पहले दिन में, प्रधान ने एनईपी लागू करने पर जारी विवाद को लेकर स्टालिन पर निशाना साधा और उन पर 'राजनीतिक विमर्श बनाए रखने के लिए प्रगतिशील सुधारों को खतरे में डालने' का आरोप लगाया।

स्टालिनको लिखी चिट्ठी में प्रधान ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर युवा शिक्षार्थियों के हितों के बारे में सोचना चाहिए, जिन्हें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से फायदा होगा। शिक्षा मंत्री स्टालिन द्वारा गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र का जवाब दे रहे थे।

# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने तमिलनाडु के मु.मंत्री स्टालिन को चिट्ठी लिखी

## प्रधान ने स्टालिन से शिक्षा का राजनीतिकरण नहीं करने का आग्रह किया

■ प्रधान ने कहा, केन्द्र सरकार दुनिया भर में तमिल संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के रूख की आलोचना करते हुए उनसे शिक्षा का राजनीतिकरण न करने तथा छात्रों के हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठकर निर्णय लेने को कहा है। प्रधान ने स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध किये जाने पर शुक्रवार को एक पत्र लिखकर यह हिदायत दी।

केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए कहा , किसी राज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना तथा राजनीतिक आख्यानों को बनाये रखने के लिए धमकियों का उपयोग करना अत्यधिक अनुचित है।

सरकार विश्व स्तर पर शाश्वत तमिल संस्कृति और भाषा को बढ ावा देने तथा लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि शिक्षा का राजनीतिकरण न करें तथा हमारे छात्रों के सर्वोत्तम हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठें। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले भी कह चुके हैं कि सरकार तमिल भाषा और संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, तमिल भाषा शाश्वत है और तमिल संस्कृति वैश्विक है। सरकार तमिल भाषा और संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार की किसी भी राज्य या समुदाय पर कोई भी भाषा थोपने की मंशा नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भाषाई स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखती है और यह सुनिश्चित करती है कि छात्र अपनी पसंद की भाषा में सीखना जारी रखें। वास्तव में, इस नीति का एक मुख्य उद्देश्य तमिल सहित भारतीय भाषाओं के शिक्षण को पुनर्जीवित और मजबूत करना है, जिन्हें दशकों से औपचारिक शिक्षा में धीरे-धीरे दरकिनार कर दिया गया है।

उन्होंने तीन-भाषा नीति के महत्वपूर्ण बिंदु का जिक्र करते हुए कहा कि यह 1968 से भारत के शिक्षा ढ ांचे की रीढ़ रही है। दुर्भाग्य से, लगातार शिक्षा नीतियों का हिस्सा होने के बावजूद, इसे कभी भी अक्षरशः लागू नहीं किया गया, जिससे स्कूलों में भारतीय भाषाओं के व्यवस्थित शिक्षण में गिरावट आई। समय के साथ, इसका परिणाम विदेशी भाषाओं पर अत्यधिक निर्भरता के रूप में सामने आया है, जिससे छात्रों का अपनी भाषाई जड़ों से संपर्क सीमित हो गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस ऐतिहासिक चूक को सुधारने का प्रयास करती है जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तमिल सहित हर भारतीय भाषा को शिक्षा में उसका उचित स्थान मिले। उल्लेखनीय है कि स्टालिन ने तीन भाषा के फार्मूले को लेकर सवाल उठाये हैं।

# महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचे जा रहे हैं

■ गुजरात पुलिस ने प्रयागराज के यू ट्यूबर सहित तीन को गिरफ्तार किया है।

■ गुजरात पुलिस जब राजकोट के अस्पताल में महिलाओं की जांच के वीडियो यू ट्यूब पर अपलोड करने के मामले की जांच कर रही थी तब उसे प्रयागराज के वीडियो की जानकारी मिली।

नई दिल्ली, 21 फरवरी। गुजरात पुलिस ने महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचने के मामले में प्रयागराज के यूट्यूबर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर इस तरह के वीडियो यूट्यूब और टेलीग्राम पर अपलोड करने का आरोप है। छानबीन में इनके पास से महिलाओं के आपत्तिजनक फुटेज मिले हैं।

दरअसल, गुजरात पुलिस राजकोट स्थित एक अस्पताल में महिलाओं के चेकअप के वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए जाने के मामले की जांच कर रही थी। इसी सिलसिले में उसने महाराष्ट्र के लातूर से प्रज्वल अशोक तेली और सांगली से राजेंद्र पाटिल को गिरफ्तार किया। इन दोनों से पूछताछ के आधार पर प्रयागरात के यूट्यूबर चंद्रप्रकाश फूलचंद को गिरफ्तार किया।

अहमदाबाद साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त लवीना सिन्हा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी चंद्र प्रकाश ने कुछ महीने पहले सीपी मोंडा नाम से एक यूट्यूब चैनल शुरू किया था जिस पर उसने महाकुंभ में स्नान कर रही महिला तीर्थयात्रियों के वीडियो अपलोड किए थे। चंद्र प्रकाश को बुधवार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों पर टेलीग्राम एप पर सब्सक्राइबर्स से पैसे कमाने के उद्देश्य से महिला मरीजों के आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने का आरोप है।

सिन्हा ने बताया कि जबकि तेली और पाटिल ने हैकर्स के जरिए महिला मरीजों के वीडियो हासिल किए थे। वहीं चंद्र प्रकाश ने अन्य यूट्यूब चैनलों से वीडियो डाउनलोड किए और हाल ही में उन्हें अपने चैनल पर अपलोड किया था। हम जांच कर रहे हैं कि क्या उसका भी इन वीडियो को बेचने का इरादा था। तीनों आरोपियों को 1 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखा गया है।

# कांग्रेस ने पलटवार किया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सवालों की बौछार करते हुये, कांग्रेस नेता ने कहा, "अगर मोदी सरकार यू.एस.ए.आई.डी. को "अछूत" मानती है तो उसने स्वच्छ भारत मिशन के लिये उसका सहयोग क्यों लिया। अमेरिका ने इस मिशन के अंतर्गत, 73 नगरों में भारत सरकार के साथ काम किया किया। फरवरी 2022 में, अटल इनोवेशन मिशन तथा नीति आयोग ने यू.एस.ए.आई.डी. के साथ, "समृद्ध" योजना के अंतर्गत, नई साझेदारी की घोषणा क्यों की थी, जिसका उद्देश्य सस्ती तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाना था?

खेड़ा ने मोदी सरकार से यह भी पूछा कि सरकार ने 2021 में 1000 लाख डॉलर से अधिक कोविड-19 सहायता प्राप्त करने के लिये अमेरिकन सरकार से "अनेक बार" अनुरोध क्यों किया था? खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस भारत में यूएस एड फंडिंग पर "श्वेत पत्र" जारी करने की माँग कर ही चुकी है।

उन्होंने कहा, यहाँ यह स्पष्ट कर देना उचित होगा कि हम वैश्विक साझेदारी, विकास एजेंसियों तथा यूएस एड जैसे सहायता-तंत्रों को अनैतिक नहीं मानते। यह भाजपा है जिसने डीपस्टेट की कहानी शुरु की थी और भाजपा ने ही सबसे पहले यूएस एड को दुष्ट कहा था। उन्होंने कहा, लेकिन हमारे पास ऐसे पर्याप्त प्रमाण हैं कि आरएसएस-भाजपा विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता लेती आ रही है, ताकि भारतीय लोकतंत्र को अस्थिर किया जा सके तथा हमारे संविधान को कमजोर एवं नष्ट किया जा सके।"

इस विवादास्पद मुद्दे पर कांग्रेस की "श्वेत पत्र" जारी करने की माँग पर मोदी सरकार तथा भाजपा की खामोशी यह साफ-साफ दर्शा रही है कि सत्तारूढ़ पार्टी की रूचि इन संदेहों की सफाई देने के बजाय, इस विवाद को बनाये रखने में अधिक है, क्योंकि उसकी रणनीति विपक्ष को बदनाम करने की है।

# एक पद सुरक्षित रख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के आधार पर योग्यता तय की जायेगी। उन्होंने अदालत को बताया कि एकबारीय उपाय के रूप में फार्मेसी पद पर भर्ती न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंक एवं व्यवसायिक परीक्षा में प्राप्त अंकों और बोनस अंको के जोड़कर वरीयता सूची के आधार पर होगी।

सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 5 मई 2023 को नया भर्ती विज्ञापन जारी कर कहा कि अभ्यर्थियों का चयन प्रोफेशनल योग्यता व उनके अनुभव के अंकों के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अदालत को बताया कि नियमानुसार परीक्षा में सीनियर सैकेण्डरी में प्राप्त अंक एवं डिप्लोमा एवं फार्मेसी में प्राप्त अंको को जोड़कर वरीयता सूची बनानी थी, लेकिन विभाग ने केवल डिप्लोमा एवं फार्मेसी एवं बोनस अंकों के आधार पर वरीयता सूची जारी की है। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि भर्ती विज्ञापन, सेवा नियमों की निर्धारित चयन प्रक्रिया के विपरीत नहीं हो सकता।

जब चयन नियमों में सीनियर सेकेंडरी एवं प्रोफेशनल योग्यता व अनुभव के अंकों के आधार पर मेरिट बनाने का नियम है तो भर्ती विज्ञापन में भी इस नियम के पालन में ही योग्य अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट बनाई जानी चाहिए। इससे पहले के भर्ती विज्ञापन में भी मेरिट लिस्ट सीनियर सेकेंडरी व प्रोफेशनल योग्यता के अंकों को जोड़कर बनाने का प्रावधान किया गया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 11 दिसंबर, 2023 को चयन सूची जारी करने पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया था। इस मामले की अंतिम सुनवाई 25 मार्च 2025 को होगी।

# दहेज के लिये विवाहिता की हत्या कर भूसे में जलाया

■ विवाहिता के भाई ने मामला दर्ज कराया, पुलिस ने चिता से अस्थियाँ एकत्रित कीं

धौलपुर, 21 फरवरी। दहेज की खातिर एक और विवाहिता बलि चढ़ी है। जिले के सैपऊ थाना क्षेत्र के नुनाहेरा गांव में 23 साल की विवाहिता की हत्या कर डेड बॉडी को भूसा में जलाने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। पुलिस ने चिता से अस्थियां सबूत के लिए कब्जे में ली हैं। मृतका के भाई ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

मृतका नीरज पत्नी कमल किशोर के भाई मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि करीब 5 वर्ष पूर्व बहन नीरज की शादी नुनहेरा गांव निवासी कमल किशोर के साथ संपन्न हुई थी। उस समय, हैसियत के मुताबिक शादी में दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दहेज की अतिरिक्त मांग करने लगे। दहेज के लिए बहन से मारपीट भी की।

कई मर्तबा समाज के पंच-पटेलों को लेकर समझाइश करने की भी कोशिश की गई। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग नहीं माने और बहन नीरज से आए दिन मारपीट करते रहे। भाई ने आरोप लगाते हुए कहा गुरुवार को भी बहन से मारपीट की गई थी। बहन ने मायके फोन कर हम लोगों को बुलाया था। भाई का आरोप है कि वे पिता भगवान सिंह के साथ ससुराल पहुंचे तो पाया कि बेटी की हत्या कर लाश को भूसा में जला दिया गया था। पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया।

मौके पर थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे । चिता से पुलिस ने साक्ष्य के लिए अस्थियां एकत्रित की हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पिता ने दहेज हत्या का आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले के हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रही है। मामले में कानूनी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

# 'यूएस एड फंडिंग मामले में कांग्रेस अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है'

## भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर राष्ट्रहित के विरोध में काम करने का आरोप लगाया

■ भाटिया ने कहा, विदेशी शक्तियां देश के गौरव तथा विश्व के लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाना चाहती हैं इसलिए चुनाव में हस्तक्षेप कर रही हैं।

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तथाकथित फैक्ट चेकरों और कांग्रेस द्वारा अमेरिका के यूएसएड एड को भारत के बजाय बंगलादेश भेजे जाने का प्रचार किये जाने की निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देश विरोधी बयानों और कार्यों को सबूतों के साथ पेश करते हुए प्रश्न उठाए। भाटिया ने कहा कि गांधी ऐसे कृत्य इसलिए करते हैं क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत और इसके नागरिकों से भी नफरत करने लगे हैं।

भाटिया ने कहा, लोकसभा चुनाव से पूर्व भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ कई देश प्रेमी पत्रकारों और संगठनों ने यह बात उठाई कि विदेशी शक्तियां भारत की चुनावी प्रक्रिया में यह सोच के हस्तक्षेप करती हैं कि कैसे देश का गौरव एवं विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी को सत्ता से हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में जो स्थिरता आई है, उसे आज पूरा विश्व और भारत की जनता देख रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी को यह पसंद नहीं, क्योंकि उन्हें भ्रष्टाचार और दलाली की आदत पड़ चुकी है। अगर कोई यह मानता है कि कांग्रेस पार्टी और गांधी केवल मोदी से नफरत करते हैं, तो यह आधा सच है। वास्तविकता यह है कि वह हर उस भारतीय नागरिक से नफरत करते हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग करके एक सशक्त सरकार चुनता है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, जिन तथाकथित फैक्टचेकरों के तार गांधी परिवार से जुड़ते हैं उनका काम फैक्ट चेक करना नहीं है, बल्कि केवल राहुल गांधी के झूठ को सत्य बताकर आगे बढ़ ाना है। इसीलिए आज सुबह से ही गांधी परिवार के फैक्टचेकर यह बताने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं कि 2.1 करोड़ डॉलर का भारत से कोई लेना देना नहीं है। आज कई ऐसे गंभीर प्रश्न हैं, जो यह साबित करते हैं कि राहुल गांधी देश से गद्दारी करते हैं और उनकी चुप्पी का केवल एक ही निष्कर्ष है कि राहुल गांधी ने कसम भले ही संविधान की ली हो लेकिन मन ही मन वो ठान चुके हैं कि उन्हें भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हाल ही में एक और तथ्य सामने आया है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के उप-नेता गौरव गोगोई की पत्नी के आतंकी संगठन आईएसआई से कथित लिंक उजागर हुए हैं। एक जिम्मेदार पार्टी के नाते भाजपा ने गोगोई से इस पर स्पष्टीकरण मांगा था कि क्या उनकी पत्नी ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी के साथ काम किया है, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट उत्तर नहीं मिला।

भाटिया ने कहा, अगर संक्षेप में कहा जाए तो यह कहना गलत नहीं होगा कि "कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों के साथ।" इसके प्रमाण हैं, अंकल सोरोस से कांग्रेस का संबंध, कांग्रेस का चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से पार्टी-टू-पार्टी एमओयू, सैम पित्रोदा का चीन को दुश्मन न मानना, सोनिया गांधी का एफडीएलएपी का अध्यक्ष होना, गौरव गोगोई की पत्नी से जुड़े तथ्य, राहुल गांधी का इल्हान उमर से मिलना और मणिशंकर अय्यर का पाकिस्तान से मदद मांगना। आज पूरा देश समझ चुका है कि राहुल गांधी मोदी जी से नफरत में किसी भी देशविरोधी गतिविधि में शामिल हो सकते हैं, चाहे उससे भारत को नुकसान ही क्यों न हो। जब भी उनसे इन विषयों पर जवाब मांगा गया, उन्होंने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। लेकिन भाजपा अब भी इन गद्दारों से जवाब की उम्मीद करती है क्योंकि देश की जनता यह जवाब चाहती है।

# एस.आई. भर्ती...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि जिसमें कहा गया है कि 'पेपर लीक' का अगर व्यापक प्रभाव नहीं हो, और जांच से यह सिद्ध ना हो पाएं कि परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का बड़ा हिस्सा या बहुसंख्यक हिस्सा 'पेपर लीक' से प्रभावित नहीं था, तो इन मामले में पूरी परीक्षा को रद्द नहीं किया जा सकता।

अदालत के आदेश अनुसार अगले दो महिने भी एस.आई. भर्ती परीक्षा को लेकर जांच जारी रहेगी और अगर 'पेपर लीक' प्रकरण में लिप्त पाये गये अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हुई तो अदालती कानूनों की कई मिसालें सामने हैं जो परीक्षा को रद्द करने के तर्कों को मजबूत करती है।

वर्तमान में 850 चयनित अभ्यर्थियों में से लगभग 55 को जांच के बाद गिरफ्तार किया गया है, और इनमें से कुछ को जमानत भी मिल गई है।

सभी पक्षों को सुनने और उनकी सहमति से अदालत ने राज्य सरकार को मामले में निर्णय करने के लिए दो माह का समय देते हुए मामले की सुनवाई 2 मई को तय की है।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908